दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। सोमवार 12 जनवरी -2026 ● वर्ष : 11 अंक : 24 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3












# सोमनाथ मंदिर में पीएम मोदी ने की पूजा-अर्चना





**नई दिल्ली।** गुजरात के सोमनाथ मंदिर पर 1000 साल पहले हुए हमले को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि उस वक्त आतताई सोच रहे थे कि वे जीत गए हैं, लेकिन आज भी सोमनाथ मंदिर में फहरा रही ध्वजा बता रही है कि हिंदुस्तान की शक्ति क्या है। दुर्भाग्य से आज भी हमारे देश में वे ताकतें मौजूद हैं, जिन्होंने सोमनाथ के पुनर्निर्माण का विरोध किया था। पीएम ने नेहरू का नाम लिए बिना कहा कि जब सरदार पटेल ने सोमनाथ के पुनर्निर्माण की शपथ ली तो उन्हें भी रोकने की कोशिश की गई। दरअसल, 1951 में मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद के शामिल होने को लेकर जवाहरलाल नेहरू ने आपत्ति जताई थी।

पीएम मोदी ने मंदिर से करीब 3 किमी दूर सद्भावना ग्राउंड में रैली को संबोधित करते हुए कहा कि हमें आज भी ऐसी ताकतों से सावधान रहना है, जो हमें बांटने की कोशिश में लगी हुई हैं। पीएम ने सुबह मंदिर में करीब 30 मिनट तक पूजा-अर्चना की। शिवलिंग पर जल चढ़ाया, फूल अर्पित किए और पंचामृत से अभिषेक किया।

## मोदी ने कहा- 1000 साल भी सोमनाथ में ध्वज फहरा रहा

आज जब मैं आपसे बात कर रहा हूं तो मन में बार-बार प्रश्न आ रहा है कि ठीक 1 हजार साल पहले इसी जगह जहां आप बैठे हैं, क्या माहौल रहा होगा। हमारे पुरखों ने जान की बजा लगा दी थी अपनी आस्था के लिए अपने विश्वास के लिए, अपने महादेव के लिए अपना सबकुछ न्यौछावर कर दिया।

**मोदी बोले- सोमनाथ की गाथा को शब्दों में बयां नहीं कर सकते :** यहां 72 घंटों तक अनवरत ओमकार का नाद और मंत्रोच्चार किया गया। सोमनाथ की 1 हजार साल की गाथा का वर्णन और शौर्य यात्रा, सबकुछ मंत्रमुग्ध कर देने वाला है। इस अनुभुति को शब्द अभिव्यक्त नहीं कर सकते हैं। इसे केवल समय ही संकलित कर सकता है।

मोदी शनिवार शाम सोमनाथ पहुंचे थे। यहां सोमनाथ मंदिर पर साल 1026 में हुए पहले आक्रमण के हजार साल पूरे होने पर सोमनाथ स्वाभिमान पर्व मनाया गया। सोमनाथ का वजूद नहीं मिटा पाए: आज उस इतिहास के बारे में कल्पना कीजिए, 1 हजार साल पहले 1026 में गजनवी ने मंदिर को तोड़ा था। उसे लगा उसने सोमनाथ का वजूद मिटा दिया, लेकिन इसके बाद ही मंदिर का पुनर्निर्माण शुरू हो गया। इसके बाद खिलजी ने मंदिर तोड़ा, लेकिन जूनागढ़ के राजाओं ने फिर से मंदिर का पुनर्निर्माण करा दिया।

न मंदिर नष्ट हुआ न भारत: ये भी संयोग है कि आज सोमनाथ आक्रमण के 1 हजार साल पूरे हो रहे हैं और अब इसके पुनर्निमाण के 75 साल भी पूरे हो रहे हैं। सोमनाथ को नष्ट करने के एक नहीं, अनेकों प्रयास हुए। विदेशी आंक्राताओं द्वारा कई सदियों तक भारत को खत्म करने की कोशिशें होती रहीं, लेकिन न ही सोमनाथ नष्ट हुआ, न ही भारत।

मजहबी कट्टरपंथी कुछ नहीं बिगाड़ पाए: जब आक्रांता सोमनाथ पर हमला कर रहे थे, उन्हें लग रहा था कि उनकी तलवार सनातन सोमनाथ को जीत रही है, लेकिन वे मजहबी कट्टरपंथी यह नहीं समझ पाए कि जिस सोमनाथ को वे नष्ट करना चाहते थे। उसके नाम में ही सोम अर्थात अमृत जुड़ा है। उसमें हलाहल को पीकर भी अमर रहने का विचार जुड़ा है।

आज भी विरोधी ताकतें मौजूद: जिस देश के पास विरासत होती है तो वह देश उस पर गर्व करता है, लेकिन हमारे देश की आजादी के बाद गुलामी की मानसिकता वाले लोगों ने उसी विरासत को भुला दिया। जब सरदार पटेल ने सोमनाथ के पुनर्निर्माण की शपथ ली तो उन्हें भी रोकने की कोशिश की गई।

# ईरान की खुली चेतावनी - हमला हुआ तो हम अमेरिकी सेना और इजरायल को बनाएंगे निशाना




**नई दिल्ली।** ईरान में जारी सरकार विरोधी प्रदर्शनों के बीच हालात और तनावपूर्ण होते जा रहे हैं। रविवार को ईरान ने अमेरिका और इजरायल को सीधी चेतावनी दी है कि अगर अमेरिका ने उस पर सैन्य हमला किया, तो जवाब में इजरायल और क्षेत्र में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया जाएगा। यह बयान ऐसे समय आया है, जब इजरायली सूत्रों ने दावा किया है कि किसी भी अमेरिकी दखल की आशंका को देखते हुए इजरायल हाई अलर्ट पर है।

ईरानी संसद में बोलते हुए स्पीकर मोहम्मद बाकिर कालिबाफ ने कहा कि अगर ईरान पर हमला हुआ तो ₹कब्जे वाले इलाके यानी इजरायल, अमेरिकी सैन्य अड्डे और युद्धपोत हमारे वैध निशाने होंगे।₹ कालिबाफ ईरान की रिवोल्यूशनरी गाड्र्स से जुड़े रहे हैं और उनका यह बयान बेहद अहम माना जा रहा है। ईरान इस वक्त 2022 के बाद सबसे बड़े सरकार विरोधी प्रदर्शनों का सामना कर रहा है। ये प्रदर्शन 28 दिसंबर से शुरू हुए थे, जिनकी वजह बढ़ती महंगाई बताई जा रही है। बाद में ये आंदोलन सीधे खामेनेई शासन के खिलाफ हो गया। अमेरिका स्थित मानवाधिकार संगठन लफ्अठअ के मुताबिक, अब तक 116 लोगों की मौत हो चुकी है, जिनमें ज्यादातर प्रदर्शनकारी हैं, जबकि 37 सुरक्षाकर्मी भी मारे गए हैं।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप लगातार ईरान को चेतावनी दे रहे हैं। शनिवार को ट्रंप ने सोशल मीडिया पर लिखा कि ईरान पहले से कहीं ज्यादा आजादी के करीब है और अमेरिका मदद के लिए तैयार है। इससे पहले उन्होंने ईरानी नेतृत्व को प्रदर्शनकारियों पर बल प्रयोग न करने की चेतावनी भी दी थी।

इस बीच, ईरान सरकार ने देश में इंटरनेट लगभग पूरी तरह बंद कर दिया है। इंटरनेट मॉनिटरिंग संस्था नेटब्लॉक्स के मुताबिक, ईरान में इंटरनेट कनेक्टिविटी सामान्य स्तर के सिर्फ 1 प्रतिशत पर है। इसके बावजूद सोशल मीडिया पर कुछ वीडियो सामने आए हैं, जिनमें तेहरान के इलाकों में लोग रात के समय विरोध प्रदर्शन करते दिख रहे हैं। ईरानी सरकारी टीवी ने कई शहरों में मारे गए सुरक्षाकर्मियों के जनाजे दिखाए हैं। सरकार का आरोप है कि दंगाइयों और आतंकियों ने मस्जिदों और सरकारी इमारतों को आग के हवाले किया है। वहीं, रिवोल्यूशनरी गाड्र्स और पुलिस ने प्रदर्शनों को सख्ती से कुचलने की बात कही है।

# भारत ने न्यूजीलैंड को चार विकेट से हराया



**नई दिल्ली।** काइल जैमिसन ने कोहली-जडेजा के बाद अय्यर को आउट किया। उन्होंने रोहित का भी विकेट लिया है। काइल जैमिसन ने कोहली-जडेजा के बाद अय्यर को आउट किया। उन्होंने रोहित का भी विकेट लिया है।

भारत ने वनडे सीरीज के पहले मैच में न्यूजीलैंड को 4 विकेट से हरा दिया है। इसी के साथ टीम इंडिया ने 3 मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। दूसरा मैच 14 जनवरी को राजकोट में खेला जाएगा।

वडोदरा के कोटांबी स्टेडियम में रविवार को भारत ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। न्यूजीलैंड ने 50 ओवर में 8 विकेट पर 300 रन बनाए।

जवाब में भारतीय टीम ने 49 ओवर में 6 विकेट खोकर जीत हासिल कर ली। केएल राहुल ने क्रिस्टियन क्लार्क की बॉल पर छक्का लगाकर जीत दिलाई। उन्होंने नाबाद 29 रन बनाए।

भारतीय टीम की ओर से विराट कोहली ने 93, श्रेयस अय्यर ने 49 और कप्तान शुभमन गिल ने 56 रन बनाए। मैच का स्कोरबोर्ड

**कोहली ने संगकारा को पीछो छोड़ा :** विराट कोहली इंटरनेशनल क्रिकेट में दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर बन गए हैं। उन्होंने इस पारी में 42वां रन बनाते ही श्रीलंका के कुमार संगकारा (28016 रन) को पीछे छोड़ दिया है। कोहली से आगे सिर्फ सचिन तेंदुलकर (34357 रन) हैं।

## क्या नरेन्द्र कश्यप बिठा रहे हैं मुजफ्फरनगर में कोई सियासी कैलकुलेशन

# आखिर इस बार क्यों मन रहा है मुजफ्फरनगर में राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार का बर्थडे सेलिब्रेशन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राजनीति का हर कदम एक मकसद लेकर होता है। राजनीति में हर बात में एक संदेश होता है और यहां बिना अर्थ के सबकुछ व्यर्थ होता है। टिकट की दावेदारी की भनक ही बड़े नेताओं की मूवमेंट से लग सकती है। गाजियाबाद में जब अरूण सिंह के लोकसभा दाव की आहर आयी थी तो सबसे पहले राजनगर वाले मकान की बातबाहर आयी थी। फिर उसके बाद जब टिकट कहीं और हो गया तो अरूण सिंह भी दिल्ली में ही नजर आने लगे। एक बार फिर से बात राजनीति के उस शख्स की हो रही है जिनका पूरा सियासी जीवन गाजियाबाद में ही बीता है। वो तीन बार एमएलसी रहे हैं, राज्यसभा सांसद रहे हैं और वर्तमान में उत्तर प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार हैं। इस वर्ष उनके समर्थक उनके जन्मदिन का इंतजार कर रहे हैं और मंत्री जी अपने जन्मदिन का केक गाजियाबाद में नहीं बल्कि मुजफ्फरनगर में काटेंगे। राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप का जन्मदिन 15 जनवरी को होता है। वो पॉलिटिकल प्रोफाईल के बड़े नेता हैं और उनके पास समर्थकों का एक बड़ा समूह है। लेकिन इस बार जब जन्मदिन का केक गाजियाबाद से मुजफ्फरनगर शिफ्ट हुआ तो सियासत के जानकार इसे सियासी ट्विस्ट मान रहे हैं। आम तौर पर ये होता है कि गाजियाबाद में रहने वाला कोई भी जनप्रतिनिधि बाहर भी होता है तो उनकी कोशिश रहती है कि वो गाजियाबाद में रहें और अपनी सियासी कर्मभूमि पर रहें। मगर इस बार राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप का वैन्यू चेंज हुआ है। अब अंदाजा लगाया जा रहा है कि कुछ तो ऐसा है कि जन्मदिन मुजफ्फरनगर में शिफ्ट हुआ है। राज्यमंत्री स्वतंत्रप्रभार नरेन्द्र कश्यप का जन्मदिन मुजफ्फरनगर में मनाया जायेगा। 15 जनवरी को भजन संध्या होगी और स्नेह भोज का भी आयोजन होगा। ये आयोजन गोकुल सिटी जानसठ बाईपास रोड पर होगा। सबसे खास बात ये है कि नरेन्द्र कश्यप के 64 वें जन्मदिन पर उनका साहित्यिक अभिनंदन होगा और ये जन्मोत्सव समारोह भी है। बर्थडे जश्न के आयोजक और निवेदक कश्यप निषाद संगठन और समस्त शुभचिंतक हैं। अब भाजपा के भीतर भी ये चर्चा शुरू हो गयी है कि आखिर नरेन्द्र कश्यप गाजियाबाद से मुजफ्फरनगर क्यों जा रहे हैं। उनकी कर्मभूमि गाजियाबाद रही है और ये भी तय है कि उनके जन्मदिन पर यहां के भाजपा कार्यकर्ता उनका स्वागत करने की तैयारी में हैं। यहां के कश्यप समाज के लोग उन्हें बधाई देना चाहते हैं और नरेन्द्र कश्यप मुजफ्फरनगर जा रहे हैं। इसके क्या सियासी मायने हैं और क्या संदेश दूर तक जा रहे हैं ये पता चलेगा लेकिन नरेन्द्र कश्यप अगर गाजियाबाद से मुजफ्फरनगर की ओर प्रस्थान कर रहे हैं तो फिर कहीं नपा कहीं कोई सियासी कारण तो है।



**राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप का जन्मदिन 15 जनवरी को होता है। वो पॉलिटिकल प्रोफाइल के बड़े नेता हैं और उनके पास समर्थकों का एक बड़ा समूह है। लेकिन इस बार जब जन्मदिन का केक गाजियाबाद से मुजफ्फरनगर शिफ्ट हुआ तो सियासत के जानकार इसे सियासी ट्विस्ट मान रहे हैं।**

## क्या सुनाई दे रही है चरथावल की विधानसभा वाली चुनावी हलचल

करंट क्राइम। राजनीति के लोग बातों को बारीकी से पकड़ते हैं और उनका ऑबजरवेशन बारीक होता है। बताने वाले इसे चरथावल विधानसभा की चुनावी हलचल से जोड़कर बता रहे हैं। बताया ये भी जाता है कि राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार ने अपनी एमएलसी वाली निधि का काफी पैसा यहां भी लगाया है। सियासत वाले जानते हैं कि विकास की निधि ऐसे ही नहीं लगाई जाती। सबसे खास बात ये है कि यहां पर आवास वाला कनैक्शन भी आ गया है। जहां जन्मोत्सव होना है वहां मंत्री जी का आवास बन गया है। गोकुल सिटी जानसठ बाईपास रोड पर ये आवास बना है। और सम्पर्क वाले सीन में सबसे पहला नाम नरेन्द्र कश्यप के सुपुत्र डा. सागर कश्यप का है। डा. सागर कश्यप , कश्यप निषाद संगठन के युवा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं । यहां पर बिरादरी वाला कैलकुलेशन भी इलैक्षन वाले सीन से जाकर मिल रहा है। एक चर्चा ये भी है कि नरेन्द्र कश्यप अब अपने बेटे डा. सागर कश्यप के लिए यहां से एक चुनावी जमीन तैयार कर रहे हैं। इस बात की संभावना जताई जा रही है कि वर्ष 2027 के चुनावी रण में वो अपने बेटे के लिए भी टिकट की दावेदारी में रहेंगे। इसके लिए वो चरथावल की जमीन पर बेस बना रहे हैं। वो यहां भले ही खुद बड़े फेस के रूप में हैं लेकिन जानकार बताते हैं कि वो अपने पुत्र सागर के लिए ही यहां एक बेस बना रहे हैं।

# कड़ाके की ठंड से स्कूलों के समय में बदलाव

## अब सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक चलेंगी क्लास




**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद में शीतलहर और कड़ाके की ठंड लगातार बनी हुई है। तापमान गिरने और बच्चों की सेहत को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने स्कूलों के टाइम टेबल में बदलाव किया है। जिलाधिकारी रविंदर कुमार के निर्देश पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने आदेश जारी किया कि नर्सरी से लेकर कक्षा 12 तक के सभी प्राइवेट, सीबीएसई, आईसीएसई, यूपी बोर्ड व अन्य बोर्ड से संबद्ध स्कूल अब सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक संचालित होंगे। आदेश में कहा गया कि ठंड से राहत मिलने तक यह समय प्रभावी रहेगा। साथ ही सभी स्कूल प्रबंधन को निर्देश दिया गया है कि आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराया जाए। गौरतलब है कि पिछले कुछ दिनों से गाजियाबाद, एनसीआर और पश्चिमी यूपी में न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है। खासकर छोटे बच्चों को ठंड का ज्यादा असर होने की संभावना को देखते हुए प्रशासन हर साल ऐसे कदम उठाता है।

# गाजियाबाद में बढ़ी ठंड, तापमान लुढ़का

## आज से कोहरा के लौटने के आसार



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद में ठंड लगातार बढ़ती जा रही है। रविवार को दिनभर धूप निकलने के बावजूद मौसम में सर्दी बनी रही। तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है और लोगों को सुबह-शाम की ठिठुरन का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विभाग के अनुसार, सोमवार से पश्चिमी उत्तर प्रदेश व दिल्ली-एनसीआर में दोबारा कोहरे की दस्तक होगी। गाजियाबाद में न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम 18 डिग्री सेल्सियस तक रहने का अनुमान है। फिलहाल, विभाग का कहना है कि आने वाले कई दिनों तक मौसम में ऐसा ही सर्द और शुष्क मिजाज बने रहने की संभावना है।



# वाइब्रेंट गुजरात सम्मेलन में पीएम मोदी बोले: भारत से दुनिया की उम्मीदें बढ़ीं, तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर देश





**राजकोट।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को वाइब्रेंट गुजरात क्षेत्रीय सम्मेलन से पहले राजकोट के मारवाड़ी विश्वविद्यालय में एक व्यापार प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इसके बाद पीएम मोदी ने वाइब्रेंट गुजरात क्षेत्रीय सम्मेलन को संबोधित किया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीन दिन के गुजरात दौरे पर है। 10 जनवरी को पीएम मोदी सीधे सोमनाथ पहुंचे। इसके बाद पीएम मोदी ने राजकोट में आयोजित वाइब्रेंट गुजरात क्षेत्रीय सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि भारत से दुनिया की उम्मीदें लगातार बढ़ रही हैं और देश आज दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था है।

पीएम मोदी ने कहा, 2026 के आरंभ के बाद ये मेरा गुजरात का पहला दौरा है और सुखद इसलिए भी है क्योंकि 2026 की मेरी यात्रा सोमनाथ दादा के चरणों में सिर झुकाकर शुरू हुई है और अब मैं राजकोट में इस शानदार कार्यक्रम में हिस्सा ले रहा हूं यानी 'विकास भी विरासत भी', ये मंत्र हर तरफ गूंज रहा है। 21वीं सदी का एक चौथाई हिस्सा बीत चुका है। बीते वर्षों में भारत ने बहुत तेज प्रगति भी की है और इसमें गुजरात की, आप सभी की बहुत बड़ी भूमिका रही है। भारत दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर तेज गति से आगे बढ़ रहा है और जो आंकड़ें आ रहे हैं, उससे ये साफ है कि भारत से दुनिया की उम्मीदें लगातार बढ़ रही हैं। भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है।

### पीएम मोदी ने की निवेश की अपील

पीएम मोदी कहते हैं, मैं यह बात लंबे समय से कह रहा हूं, अगर आप इसमें देरी करेंगे तो मुझे दोष मत देना। सौराष्ट्र-कच्छ में आपका हर निवेश गुजरात और देश के विकास में योगदान देगा। अभी रवांडा की हाई कमिश्नर बता रही थीं कि जब वह रवांडा गईं, तो उन्होंने वहां 200 गायें गिफ्ट की थीं। ये 200 गायें हमारी गिर गायें थीं। जब हम वहां की ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए 200 गायें देते हैं, तो एक नियम है कि पहला बछड़ा हमें वापस करना होगा। हम उन्हें दूसरे परिवारों को दे देते हैं। यानी, यह 200 गायों से शुरू हुआ था। ये गायें हजारों परिवारों तक पहुंच गई हैं। यह रवांडा की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बहुत ताकत दे रहा है। 'भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में'

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि हालिया आंकड़े यह स्पष्ट करते हैं कि भारत से दुनिया की उम्मीदें लगातार बढ़ रही हैं और देश आज दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था है। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में महंगाई नियंत्रण में है और कृषि उत्पादन नए रिकॉर्ड बना रहा है। भारत आज दूध उत्पादन में दुनिया में नंबर वन है।

### 'कच्छ के लोगों ने अपनी कड़ी मेहनत से अपनी किस्मत बदली'

पीएम मोदी ने कहा, सौराष्ट्र और कच्छ गुजरात के ऐसे इलाके हैं जो हमें सिखाते हैं कि चुनौती कितनी भी बड़ी क्यों न हो, अगर हम ईमानदारी और कड़ी मेहनत से लगे रहें, तो सफलता जरूर मिलती है। यह वही कच्छ है जिसने इस सदी की शुरूआत में एक विनाशकारी भूकंप का सामना किया था। यह वही सौराष्ट्र है जहां वर्षों तक सूखा पड़ना आम बात थी। महिलाओं और लड़कियों को पीने का पानी लाने के लिए मीलों पैदल चलना पड़ता था। बिजली का कोई भरोसेमंद इंतजाम नहीं था...समय बदलता है, और यह सच में बदलता है। सौराष्ट्र और कच्छ के लोगों ने अपनी कड़ी मेहनत से अपनी किस्मत बदल दी है। आज, सौराष्ट्र और कच्छ सिर्फ मौकों के इलाके नहीं हैं, बल्कि वे भारत की तरक्की के लिए एक मजबूत आधार बन गए हैं।

### पीएम मोदी का हरित उर्जा पर जोर

पीएम मोदी बोले, सौराष्ट्र और कच्छ भारत के हरित विकास, हरित गतिशीलता और ऊर्जा सुरक्षा का भी एक बड़ा हब बन रहा है। कच्छ में 30 गीगावाट कैपेसिटी का रिन्यूएबल एनर्जी पार्क बन रहा है। ये दुनिया का सबसे बड़ा हाइब्रिड रिन्यूएबल एनर्जी पार्क होगा। आप कल्पना कर सकते हैं कि ये पार्क पेरिस शहर से भी पांच गुना बड़ा है। यानी इस क्षेत्र में स्वच्छ उर्जा प्रतिबद्धता के साथ-साथ व्यावसायिक पैमाने की वास्तविकता भी है। आप सभी हरित हाइड्रोजन की क्षमता से परिचित हैं। भारत में इस दिशा में अभूतपूर्व गति और पैमाने पर काम चल रहा है। यहां कच्छ और जामनगर ग्रीन हाइड्रोजन प्रोडक्शन के बड़े केंद्र बन रहे हैं। कच्छ में एक विशाल बैट्री एनर्जी स्टोरेज सिस्टम स्थापित किया जा रहा है।

## दिल्ली को मिलेंगे तीन डबल डेकर मेट्रो कॉरिडोर
## इसी साल सुधरेगी ट्रैफिक व्यवस्था



**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो फेज-4 के तहत विकसित हो रहे तीन डबल डेकर कॉरिडोर इस वर्ष जनता को मिल जाएंगे। ये कॉरिडोर दिल्ली की ट्रैफिक व्यवस्था के लिए मुफीद साबित होंगे।

अब तक राजधानी में फ्लाईओवर और मेट्रो लाइनें अलग-अलग ढंग से विकसित होती रही हैं। फेज-4 में पहली बार एक ही पिलर पर ऊपर मेट्रो और नीचे फ्लाईओवर तैयार किए जा रहे हैं। इसके जरिये कम जमीन का ज्यादा कुशल उपयोग होगा। नीचे सड़क स्तर पर बसों और स्थानीय ट्रैफिक के लिए जगह बनी रहेगी, बीच में तेज रफ्तार वाहनों के लिए फ्लाईओवर और सबसे ऊपर निर्बाध मेट्रो संचालन।

राजधानी में सबसे पहले एक ही पिलर पर मेट्रो ट्रेन, फ्लाईओवर और नीचे सड़कों पर वाहन चलते नजारा उत्तर-पूर्वी दिल्ली में चलते दिखाई देंगे। मजलिस पार्कझ्रमौजपुर कॉरिडोर पर डबल डेकर ढांचा लगभग तैयार है।

मेट्रो ट्रैक पहले ही परिचालन के लिहाज से तैयार है और अब सड़क से जोड़ने वाली रैंप बनते ही यह क्षेत्र जाम की रोजमर्रा की परेशानी से काफी हद तक मुक्त हो सकेगा। दक्षिण दिल्ली में भी इसी तरह का प्रयोग हो रहा है। एरोसिटी से तुगलकाबाद तक प्रस्तावित गोल्डन लाइन पर संगम विहार से अंबेडकर नगर के बीच बन रहा डबल डेकर हिस्सा महरौलीझ्र बदरपुर रोड के लिए बहुत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। यह क्षेत्र लंबे समय से भारी ट्रैफिक दबाव झेलता रहा है। छह लेन के फ्लाईओवर के साथ मेट्रो के जुड़ने से न सिर्फ यात्रा समय घटेगा, बल्कि सार्वजनिक परिवहन को भी बढ़ावा मिलेगा।

## अल-फलाह यूनिवर्सिटी पर ईडी की सख्ती
## मनी लॉन्ड्रिंग केस में अटैचमेंट की तैयारी




**नई दिल्ली।** एजेंसी का आरोप है कि अल-फलाह यूनिवर्सिटी ने खुद को यूजीसी मान्यता प्राप्त बताकर और एनएएसी मान्यता को लेकर गलत दावे कर छात्रों को गुमराह किया। हरियाणा के फरीदाबाद स्थित अल-फलाह यूनिवर्सिटी कैंपस पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की शिकंजा कसता नजर आ रहा है। रेड फोर्ट इलाके में हुए आतंकी धमाके की जांच के दौरान सामने आए तथ्यों के बाद एजेंसी इस कैंपस को मनी लॉन्ड्रिंग कानून (पीएमएलए) के तहत अटैच करने की तैयारी कर रही है, आधिकारिक सूत्रों ने रविवार को बताया।

### निर्माण में काले धन के इस्तेमाल की जांच

ईडी इस बात की जांच कर रही है कि यूनिवर्सिटी के निर्माण में लगाए गए फंड कथित ह्यप्रोसीड्स ऑफ क्राइमह्न से तो नहीं आए। एजेंसी को संदेह है कि अवैध तरीके से जुटाई गई रकम को फरीदाबाद के धौज इलाके में स्थित यूनिवर्सिटी की इमारतों के निर्माण में खपाया गया।

### चेयरमैन जवाद सिद्दीकी पहले से गिरफ्तार

अल-फलाह ग्रुप के चेयरमैन जवाद अहमद सिद्दीकी को ईडी ने नवंबर में मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में गिरफ्तार किया था। एजेंसी का आरोप है कि अल-फलाह ट्रस्ट द्वारा संचालित शिक्षण संस्थानों ने बिना वैध मान्यता और मानक पूरे किए छात्रों को दाखिला देकर उनसे फीस वसूली।

### संपत्तियों की पहचान और वैल्यूएशन शुरू

सूत्रों के मुताबिक, एजेंसी अल-फलाह ट्रस्ट की चल-अचल संपत्तियों की पहचान और मूल्यांकन की प्रक्रिया में जुटी है। जांच पूरी होने के बाद पीएमएलए के तहत अवैध धन से अर्जित या निर्मित संपत्तियों को अस्थायी रूप से अटैच किया जाएगा।

### छात्रों की पढ़ाई बाधित नहीं होगी

सूत्रों ने बताया कि कैंपस अटैच होने की स्थिति में भी छात्रों की पढ़ाई निर्बाध रूप से जारी रखे जाने की व्यवस्था की जाएगी। जरूरत पड़ने पर सरकार द्वारा नियुक्त रिसीवर को यूनिवर्सिटी प्रशासन सौंपा जा सकता है।

### दिल्ली में जमीन खरीद में जालसाजी की भी जांच

ईडी कम से कम पांच ऐसे मामलों की जांच कर रही है, जिनमें दिल्ली में जमीन खरीद के लिए जनरल पावर ऑफ अटॉर्नी (जीपीए) से जुड़े दस्तावेजों के कथित रूप से फर्जी होने का आरोप है। ये दस्तावेज सिद्दीकी से जुड़े ट्रस्ट के इशारे पर तैयार किए गए बताए जा रहे हैं।

## पति ने महिला के अपहरण और धर्मांतरण का लगाया आरोप
### दूसरे समुदाय के युवक पर शादी कराने की आशंका जताई



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** नगर की एक कॉलोनी से एक महिला अपने तीन बच्चों के साथ संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई है। महिला के पति ने दूसरे समुदाय के एक युवक पर अपहरण और धर्मांतरण कराकर शादी करने का आरोप लगाया है।

पति दीपक कुमार के अनुसार, उनकी पत्नी गत सात सितंबर को तीन बच्चों और घर में रखे 40 हजार रुपये नकद लेकर लापता हो गई थी। काफी तलाश के बाद भी उनका कोई सुराग नहीं मिला है। पति का आरोप है कि मुजफ्फरनगर निवासी दूसरे समुदाय का एक युवक उनकी पत्नी का अपहरण कर ले गया है। उन्हें आशंका है कि युवक महिला का धर्मांतरण कराकर उससे शादी कर सकता है। पीड़ित पति ने यह भी आरोप लगाया है कि घटना के तीन माह बीत जाने के बाद भी पुलिस ने अभी तक रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। इस संबंध में पुलिस का कहना है कि जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## मंडल अध्यक्ष मंजुला गुप्ता ने कार्यक्रर्ताओं के साथ विभिन्न मतदान केंद्रों का किया दौरा





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम के मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर मंडल टीम ने जानी जनसमस्याएं शक्ति खंड स्थित कार्यालय में नए मतदाताओं के पंजीकरण का कार्य किया जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी की इंदिरापुर की ममंडल अध्यक्ष मंजुला गुप्ता के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारियों ने रविवार को इंदिरापुरम क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों का सघन दौरा किया। इस दौरान टीम ने बीएलओ की उपस्थिति की जांच की और स्थानीय निवासियों की मतदाता सूची से जुड़ी समस्याओं का मौके पर ही समाधान कराया।

मंडल टीम ने क्षेत्र के प्रमुख केंद्रों जिनमें मॉडर्न एकेडमी, कैम्ब्रिज स्कूल, भरत राम ग्लोबल स्कूल, डीपीएस शक्ति खंड-4, डीपीएस एके-2 और कंपोजिट स्कूल ज्ञान खंड शामिल हैं, का भ्रमण किया। वहां मौजूद बीएलओ से संवाद कर पंजीकरण की स्थिति जानी और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान महामंत्री देबाशीष दत्ता, पूर्व किसान मोर्चा प्रदेश कार्यकर्ता सलेक त्यागी, मंडल उपाध्यक्ष कविता शर्मा और मंडल मंत्री गायत्री पांडे सहित अन्य कार्यकताओं का विशेष सहयोग रहा।

पंजीकरण शिविर में उमड़ी भीड़ दूसरी ओर, शक्ति खंड-1 स्थित मंडल के आधिकारिक कार्यालय (भवन संख्या 391) में दिनभर मतदाता पंजीकरण का कार्य जोर-शोर से चला। यहाँ मंडल उपाध्यक्ष डॉ. जयश्री सिन्हा, अजय गुप्ता, राहुल पंडित और सुशील कुमार सिन्हा की देखरेख में नए मतदाताओं के आवेदन पत्र भरवाए गए। मंडल अध्यक्ष मंजुला गुप्ता ने बताया कि टीम का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि क्षेत्र का कोई भी पात्र नागरिक मताधिकार से वंचित न रहे।

## दो दिन की राहत के बाद सोमवार से फिर पलटेगा प्रदेश में मौसम
## इन जिलों में कोहरा-शीतलहर की चेतावनी जारी

**लखनऊ।** यूपी में मौसम एक बार फिर पलटने जा रहा है। शनिवार और रविवार की राहत के बाद सोमवार से फिर से कोहरे और शीतलहर का दौर शुरू होगा।

उत्तर प्रदेश के मौसम में एक बार फिर से बदलाव की आहट है। सोमवार से प्रदेश में विक्षोभ का असर खत्म होगा । पहाड़ों से आने वाली सर्द पछुआ के असर से पारा गिरेगा और पश्चिमी यूपी में गलन बढ़ने और शीतलहर जैसे हालात बनने के आसार हैं। रविवार को प्रदेश के ज्यादातर इलाकों में अच्छी धूप खिलने से राहत रही। बीते दो दिनों में दिन में धूप के असर से अधिकतम और न्यूनतम तापमान में 3 से 5 डिग्री की बढ़त दर्ज की गई है। प्रदेश भर में कोहरे के घनत्व में भी कमी देखने को मिली।



मौसम विभाग ने पश्चिमी यूपी के छह जिलों गाजियाबाद, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली व संभल में शीतलहर की संभावनी जताई है। साथ ही अगले तीन दिनों में दिन व रात के पारे में 3 से 5 डिग्री की गिरावट के संकेत हैं। तराई के 15 जिलों में घने कोहरे का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। 23 अन्य जिलों में हल्के से मध्यम कोहरे की संभावना है।

आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह का कहना है कि सोमवार से यूपी में विक्षोभ का असर खत्म होने के बाद हवा का रूख फिर से उत्तरी पछुआ हो जाएगी। पश्चिमी यूपी में शीतलहर जैसे हालात बन सकते हैं। हालांकि दिन में धूप खिलने से थोड़ी राहत मिलेगी लेकिन शाम से लेकर रात तक कड़ाके की ठंड रह सकती है।

### यहां है घने कोहरे का ऑरेंज अलर्ट

गोरखपुर, संत कबीर नगर, बस्ती, देवरिया, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ,हापुड़, बिजनौर व आसपास के इलाकों में।

## लंबित भुगतान जल्द जारी
## दिव्यांगों को बढ़ी राहत: सीएम सुक्खू

**शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना में लंबित भुगतानों को शीघ्र जारी करने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा उन्होंने पांगी, लाहौल-स्पीति, डोडरा क्वार और कुपवी जैसे दुर्गम एवं जनजातीय क्षेत्रों में रहने वाले लोगों तक सामाजिक सुरक्षा पेंशन का लाभ सुनिश्चित करने पर विशेष ध्यान देने के लिए कहा है।



सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार दिव्यांगजनों के कल्याण के लिए भी एक व्यापक और समावेशी सहायता ढांचा विकसित कर रही है। बिना किसी आय सीमा के दिव्यांग राहत भत्ता प्रदान कर सार्वभौमिक पहुंच सुनिश्चित की गई है। दिव्यांग व्यक्तियों को 1,150 रुपये से 1,700 रुपये तक की मासिक पेंशन दी जा रही है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में दिव्यांग विद्यार्थियों को बिना आय सीमा के 625 रुपये से 5,000 रुपये तक की मासिक छात्रवृत्ति प्रदान की जा रही है, जिससे 3,100 विद्यार्थी लाभान्वित हुए हैं और 3.77 करोड़ रुपये की राशि वितरित की गई है।

मुख्यमंत्री सुक्खू ने कहा कि दिव्यांग व्यक्तियों के विवाह के लिए 25,000 रुपये से 50,000 रुपये तक का विवाह प्रोत्साहन अनुदान दिया जा रहा है। अब तक 212 लाभार्थियों को 74.49 लाख रुपये की सहायता दी जा चुकी है। विशेष गृहों और वृद्धाश्रमों में रहने वाले दिव्यांगजनों और बुजुर्गों को प्रमुख त्योहारों पर प्रति व्यक्ति 500 रुपये का उत्सव अनुदान भी दिया जा रहा है, जिसके अंतर्गत 2,128 लाभार्थियों को 75.43 लाख रुपये प्रदान किए गए हैं।

सीएम सुक्खू ने कहा कि विधवा, परित्यक्त एवं एकल महिलाओं तथा 40 से 69 प्रतिशत दिव्यांगता वाले व्यक्तियों के लिए आय सीमा और ग्राम सभा की स्वीकृति की अनिवार्यता को समाप्त कर दिया गया है।

## शुभेंदु अधिकारी पर हमले के मामले में गृह मंत्रालय ने मांगी रिपोर्ट, ममता सरकार पर भाजपा का हमला

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में विपक्षी नेता शुभेंदु अधिकारी के काफिले पर कथित हमले के मामले में सिसायत तेज हो गई है। ऐसे में अब गृह मंत्रालय ने भी उनके कार्यालय से रिपोर्ट मांगी है। दूसरी ओर अब भाजपा सांसद रवि शंकर प्रसाद ने भी ममता सरकार पर निशाना साधा है।



पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता और भाजपा सांसद शुभेंदु अधिकारी के काफिले पर कथित हमले के मामले में चर्चा तेजी होती जा रही है। भाजपा की ओर से पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ टीएमसी पर खूब आरोप भी लगाए जा रहे हैं। इसी बीच अब अधिकारी के काफिले पर कथित हमले के मामले में केंद्रीय गृह मंत्रालय (एमएचए) ने उनके कार्यालय से रिपोर्ट मांगी है। यह जानकारी रविवार को एक भाजपा नेता ने दी।

भाजपा के नेता के अनुसार, शुभेंदु अधिकारी का कार्यालय घटना की पूरी जानकारी और वीडियो फुटेज तैयार कर रहा है, जिसे जल्द ही केंद्रीय गृह मंत्रालय को भेजा जाएगा। भाजपा नेता ने बताया कि गृह मंत्रालय ने अधिकारी पर हुए हमले की घटना के बारे में विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। नेता प्रतिपक्ष का कार्यालय इसे तैयार कर रहा है और इसे जल्द ही मंत्रालय को भेज दिया जाएगा।

अब अगर इस पूरे घटनाक्रम की बात करें तो, शनिवार को भाजपा सांसद और पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्षी नेता शुभेंदु अधिकारी ने सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पार्टी (टीएमसी) पर उनके साथ बेरहमी के साथ मारपीट करने का आरोप लगाए हैं।

उन्होंने कहा पुरुलिया से लौटते समय टीएमसी के गुंडो ने उनपर बेरहमी से हमला किया। इस हमले के बाद अधिकारी चंद्रकोना पुलिस स्टेशन में धरना पर भी बैठ गए थे। सोशल मीडिया प्लटफॉर्म एक्स पर पोस्ट में अधिकारी ने आगे कहा था कि टीएमसी जनता के गुस्से और अपनी असहाय स्थिति के कारण इस तरह की गुंडागर्दी कर रही है।

अधिकारी ने धरने के दौरान तत्काल कार्रवाई और हमलावरों की गिरफ्तारी की मांग की। साथ ही कहा कि वह पुलिस की कार्रवाई और जवाबदेही सुनिश्चित होने तक धरने से नहीं उठेंगे। उन्होंने जनता से भी अपील की कि वे कानून-व्यवस्था की रक्षा और लोकतंत्र की मजबूती के लिए आवाज उठाएं।

### रवि शंकर प्रसाद ने सीएम ममता को घेरा

दूसरी ओर अब इस मामले में भाजपा सांसद रवि शंकर प्रसाद ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि कल बंगाल के नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी के काफिले पर हमला हुआ। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस मौजूद होने के बावजूद कोई एफआईआर दर्ज नहीं की गई। इस दौरान रवि शंकर प्रसाद ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी जब आई-पैक कार्यालय गई थीं, तो उन्होंने दावा किया कि वह मुख्यमंत्री के रूप में नहीं बल्कि टीएमसी अध्यक्ष के रूप में गई थीं।

### भाजपा सांसद ने पूछे तीखे सवाल

भाजपा सांसद ने सवाल किया कि मुख्यमंत्री होने के नाते किस मजबूरी में वह किसी निजी संपत्ति पर गईं और वहां से ग्रीन फाइल लेकर भाग गईं। उन्होंने आरोप लगाया कि इस दौरान पुलिस आयुक्त और ऊ्रद्ध भी वहां मौजूद थे, जिससे यह स्पष्ट होता है कि पुलिस ममता बनर्जी के अवैध और असंवैधानिक कामों में मदद कर रही है ।सांसद ने कहा कि ममता बनर्जी, आप क्या छुपा रही हैं? ऐसा क्या था जो छुपाने की जरूरत थी?

## कपसाड़ हत्याकांड में आरोपी पारस सोम 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया

**मेरठ।** कपसाड़ कांड में सुनीता की हत्या और उनकी बेटी रूबी के अपहरण के मामले रविवार शाम को पारस सोम को सीजेएम कोर्ट में पेश किया गया। यहां से 14 दिन की रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

कपसाड़ गांव में सुनीता की हत्या और बेटी रूबी के अपहरण के मामले में पकड़े पारस सोम को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया। यहां उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। इस दौरान कचहरी में पुलिस बल तैनात रहा और लोगों की भीड़ रही।

यूपी के मेरठ जिले में सरधना स्थित गांव कपसाड़ में पारस सोम ने अपने साथियों के साथ मिलकर दलित महिला सुनीता की हत्या की थी। साथ ही उनकी बेटी रूबी का अपहरण कर लिया था। शनिवार को पुलिस ने दोनों हरिद्वार से बरामद कर लिया।

रविवार को सबसे पहले एसीजेएम द्वितीय की कोर्ट में रूबी को पेश किया गया। यहां पुलिस ने चुपचाप करीब 50 मिनट तक रूबी के बयान कराए, उसके बाद पुलिस उसे अपने साथ ले गई। इसके कुछ देर बाद शाम करीब पौने पांच बजे पारस को सीजएम कोर्ट में पेश किया गया। यहां से उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में मेरठ जिला कारागार भेज दिया गया। इस दौरान कचहरी में मीडियाकर्मियों और राजनीतिक दलों के लोगों को जमावड़ा लगा रहा।



### कपसाड़ हत्या और अपहरण: पारस ने कोर्ट में क्या कहा..., ये बताया वकीलों ने

कपसाड़ गांव में दलित महिला सुनीता की हत्या और उनकी बेटी रूबी के अपहरण के मामले में आरोपी पारस सोम को पुलिस ने रविवार शाम सीजेएम कोर्ट में पेश किया। इस दौरान कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही। पारस के बयान दर्ज किए गए। वकीलों ने बताया कि जज साहब ने पारस से उसका नाम-पता पूछा। पारस ने कहा कि वो बेकसूर है। एक वकील ने कहा कि लड़की ने पारस के फेवर में बयान दिए हैं। अब इनकी बात में कितनी सच्चाई है, ये तो सीलबंद बयान सामने आने के बाद ही पता चलेगा।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...






# सांसद अतुल गर्ग का है एयरपोर्ट को लेकर एक सतत प्लान
## जल्द शुरू हो जायें यहां से प्रयागराज और लखनऊ की उड़ान



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** इसमें कोई दोराय नहीं है कि लोकसभा सांसद बनने के बाद से अतुल गर्ग ने लोकसभा क्षेत्र में जमीन से लेकर आसमान तक काम किया है। जमीन की बात करें तो साहिबाबाद विधानसभा से लेकर लोनी विधानसभा तक उनकाविजन नजर आता है। उनके प्रयासों ने बड़ी परियोजनाओं पर काम शुरू हो गया है। जहां तक बात सिकन्दरपुर डोमैस्टिक एयरपोर्ट की है तो यहां पर सपनों की उड़ान सांसद अतुल गर्ग के प्रयासों से शुरू हुई। जिस एयरपोर्ट का रनवे वर्षों से सूना पड़ा था वहां पहली बार फ्लाईटों का शोर सुनाई दिया। गाजियाबाद की जनता गवाह है कि गोवा की उड़ान यहीं से शुरू हुई। खुद सांसद अतुल गर्ग, विधायक नंदकिशोर गुर्जर, समरकूल चेयरमैन संजीव गुप्ता, विधायक संजीव शर्मा सहित कई भाजपाई इस उड़ान के गवाह बने। इसके बाद यहां से कई नियमित उड़ानें भी शुरू हुईं और ये तय




हुआ कि अगर कोई प्रयास पूरी ईमानदारी और शिद्दत से किया जाये तो फिर उसमें सफलता मिलती है। हालाकि ये भी सच है कि हिन्डन एयरपोर्ट से उड़ान शुरू हुई तो यहां कुछ तकनीकी कारणों से बाधा आई। समय के साथ इसे भी सुलझा लिया जायेगा। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग एक बार फिर हिन्डन एयरपोर्ट को लेकर सामने आये।

उन्होंने एक पिछली बैठक का जिक्र किया और कहा कि प्रयास ये किया जा रहा है कि प्रयागराज और लखऊ की फ्लाईट जल्द शुरू हो जायें। इसके लिए यह भी प्रयास है कि कोई अस्थायी व्यवस्था ही संभव हो जाये। सांसद ने कहा कि फिलहाल इस प्रक्रिया में कुछ और समय लग सकता है। उन्होंने कहा कि मैं खुद इस पूरे विषय में डे टू डे निरंतर प्रयासरत हूं।

### विमानों की पार्किंग का उठाया था विषय रक्षा मंत्री के सचिव के समक्ष

करंट क्राइम। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने 2 नवम्बर 2025 की एक बैठक का हवालादिया। उन्होंने बताया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के निर्देश पर उनके सचिव अमित किशोर से मुलाकात कर हिन्डन एयरपोर्ट गाजियाबाद से प्रयागराज और लखनऊ की फ्लाईट बढ़ाने का विषय रखा था। मेरे समक्ष ही उन्होंनें एयरपोर्ट अर्थॉरिटी ऑफ इंडिया और हिन्डन एयरफोर्स के अधिकारियों की संयुक्त बैठक बुलाई। बैठक में उन्होंने एप्रन की अनुमति की मांग रखी गयी। जिससे एयरपोर्ट की क्षमता बढ़ाने हेतु एप्रन उपलब्ध कराया जा सके। तथा विमानां की पार्किंग की समुचित व्यवस्था हो सके। इस पर दोनों पक्षों के बीच विचार विमर्श हुआ तथा 6 विमानों की पार्किंग हेतू नये एप्रन के निर्माण का मार्ग प्रशस्त किया गया। इसी बैठक में तत्काल एक पार्किंग बे प्रदान किये जाने की संभावनाओं पर विचार करने का आश्वासन भी दिया गया।

### सिविल टर्मिनल के विस्तार का कार्यक्रम भी बढ़ेगा तेजी से

करंट क्राइम। सिविल टर्मिनल के विस्तार का कार्यक्रम भी तेजी से आगे बढ़ाया जायेगा। इस संबंध में जनवरी माह में एक ओर बैठक आयोजित की जानी प्रस्तावित है। हिन्डन एयरफोर्स के अधिकारियों द्वारा ये मांग रखी गयी कि उनका एक निर्मित भवन एयरपोर्ट अथोरिटी ऑफ इंडिया के पास चला जायेगा तो उसके बदले उन्हें एक वैकल्पिक भवन का निर्माण कराकर दिया जाये।

## मुलाकात




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** यूथ आईकॉन नीरज सिंह ने लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। डा. नीरज सिंह ने मुख्यमंत्री को नववर्ष की शुभकामनायें दीं। इस शिष्टाचार मुलाकात में नीरज सिंह ने मुख्यमंत्री से कुछ विषयों पर चर्चा की और विचार विमर्श किया।

# महिला थाना परिसर में काउंसलिंग के बाद बढ़ा विवाद
## पति-पत्नी में मारपीट का वीडियो वायरल
### - शादी में दी गई कार को लेकर हुआ झगड़ा

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** सिटी जोन के महिला थाना परिसर में रविवार दोपहर वैवाहिक विवाद की काउंसलिंग के दौरान पति-पत्नी और उनके परिजनों के बीच विवाद मारपीट में बदल गया। दोनों पक्षों के बीच हुई धक्का-मुक्की का वीडियो मौके पर मौजूद लोगों ने मोबाइल में कैप्चर कर लिया, जो बाद में सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। मामला शादी में लड़की पक्ष की ओर से दी गई कार वापस लेने को लेकर बढ़ा बताया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार ग्राम चुड़ैयाला निवासी जाहिद सैफी अपनी पत्नी इशरत जहां और परिजनों के साथ महिला थाना पहुंचे थे। यहां दोनों पक्षों की काउंसलिंग हुई और अगली तारीख तय कर दी गई। पुलिस के अनुसार काउंसलिंग के बाद बाहर निकलते समय लड़की पक्ष ने शादी में दी गई कार वापस मांगने की बात कही, जिसके चलते दोनों पक्षों में कहासुनी शुरू हो गई।

महिला थाना प्रभारी ने तत्काल हस्तक्षेप कर पहले महिला पक्ष को बाहर भेज दिया। लेकिन जब पुरुष पक्ष थाने से बाहर आया तो लड़की पक्ष के परिजनों ने कथित तौर पर उनके साथ झगड़ा और मारपीट कर दी। इसी दौरान दोनों ओर से धक्का-मुक्की और हाथापाई हुई, जिसे कुछ लोगों ने वीडियो में रिकॉर्ड कर लिया। वीडियो वायरल होने के बाद मामला चर्चाओं में है।



घटना के बाद पुरुष पक्ष सिहानी गेट थाना पहुंचा, जहां पुलिस ने उनकी रिपोर्ट तैयार कर चिकित्सकीय परीक्षण हेतु भेजा। पुलिस ने बताया कि तहरीर प्राप्त होने पर मुकदमा दर्ज कर विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी। मौके पर शांति व्यवस्था बनाए रखी गई और मामला नियंत्रण में है। साथ ही वायरल वीडियो की भी पुलिस द्वारा पड़ताल की जा रही है।

# गाजियाबाद में पेयजल गुणवत्ता
## अभियान तेज, घर-घर जाकर जांच जारी
### - नगर निगम ने 520 से अधिक स्थानों पर की पानी की जांच
### - टंकियों और सीडब्ल्यूआर की सफाई भी अभियान के तहत जारी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद नगर निगम ने शहर में पेयजल की गुणवत्ता सुधारने के लिए व्यापक अभियान तेज कर दिया है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश पर जलकल विभाग, जल निगम और वी ए टैक वाबैग की टीम घर-घर जाकर पानी की जांच कर रही है और पानी की आपूर्ति से जुड़े उपकरणों का निरीक्षण कर रही है। अभियान के तहत शहर की 57 पानी की टंकियों और 27 सी.डब्ल्यू.आर. की सफाई भी की जा रही है। पांचों जोन में पानी में क्लोरीन की मात्रा का ऑर्थो टोलीडाइन टेस्ट किया जा रहा है, ताकि यह 0.2 से 2 पीपीएम के स्तर पर बना रहे। विशेष रूप से मलिन बस्तियों और वार्डों में पानी की गुणवत्ता की नियमित जांच की जा रही है।

नगर आयुक्त ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि पानी में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। लीकेज की शिकायतों को तुरंत ठीक किया जाए और सीवर सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए। अभियान के तहत अब तक सूर्य नगर, चंद्र नगर, कौशांबी, वैशाली, प्रहलाद गाड़ी, वसुंधरा, साहिबाबाद,





नंदग्राम, मोरटा, गोविंदपुरम, शास्त्रीनगर, विवेकानंद नगर, सेक्टर 12 प्रताप विहार सहित 520 से अधिक स्थानों पर पेयजल की जांच की जा चुकी है। नगर निगम की टीम शहरवासियों से सीधे संवाद कर रही है और उनके सुझावों के अनुसार पेयजल की गुणवत्ता सुधारने के लिए कार्रवाई कर रही है।

# वेव सिटी में किसान महापंचायत, राकेश टिकैत बोले-
## फरवरी से आंदोलन, बिल्डर सुधर जाए



### - कहा किसान लड़ेंगे तो वकील साथ नहीं आएंगे

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** वेव सिटी में रविवार को आयोजित किसान महापंचायत में भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने किसानों की जमीन, मुआवजा और रेट निर्धारण को लेकर जारी विवाद पर तीखा रुख अपनाया। किसान हितैषी राकेश टिकैत ने कहा कि वे किसानों के मुद्दों को लगातार सरकार व प्रशासन तक पहुंचाते रहे हैं और आगे भी किसानों के साथ मजबूती से खड़े रहेंगे। बता दें कि वेव सिटी में पिछले कई सालों से किसानों की जमीन के अधिग्रहण, सर्किल रेट, मुआवजा और विकास कार्यों को लेकर विवाद चल रहा है। किसानों का आरोप है कि जमीन का मूल्यांकन कम रेट पर किया गया और उसका भुगतान आज के हिसाब से उचित नहीं है। वहीं कई किसान विकास कार्यों के नाम पर जमीन कब्जे और दस्तावेजी प्रक्रियाओं में लापरवाही का आरोप भी लगाते हैं।

### राकेश टिकैत की चेतावनी — फरवरी में 8 से 10 ट्रैक्टरों के साथ होगा आंदोलन

करंट क्राइम : मंच से बोलते हुए राकेश टिकैत ने कहा कि अगर बिल्डर ने किसानों की जमीन का सही रेट नहीं दिया और बकाया मुआवजा निपटाया नहीं गया, तो फरवरी महीने से बड़ा आंदोलन शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा 8 से 10 ट्रैक्टरों के साथ लोग आएंगे और आगे की कार्रवाई तय की जाएगी।

### बिल्डर सुधर जाए वरना किसान बिना वकीलों के लड़ाई लड़ेंगे

करंट क्राइम : राकेश टिकैत ने यह भी कहा कि बिल्डर के परिवार से उनके 30 साल पुराने संबंध हैं, लेकिन पिता के निधन के बाद अब किसान सुनवाई के लिए भटक रहे हैं, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने दावा किया कि किसानों की जमीन वाले मामले पर प्रशासन और जीडीए से बात हो रही है और कमेटी का गठन किया गया है, लेकिन किसानों को उम्मीद के मुताबिक समाधान नहीं मिला है। राकेश टिकैत ने किसानों से अपील की कि वे अपने मुद्दों को शांतिपूर्ण तरीके से उठाते रहें। महापंचायत में भारी संख्या में किसान पहुंचे और जमीन व मुआवजे से जुड़े मुद्दों पर नाराजगी जाहिर की। किसानों ने कहा कि यदि बिल्डर व प्रशासन ने समाधान नहीं किया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।



# सड़क हादसों में लोगों की जान बचाने के लिए पुलिस कमिश्नरेट चलाएगी नया अभियान
# घायलों को मिलेगा कैशलैस ट्रीटमेंट और 7 दिनों तक निःशुल्क उपचार
## सड़क दुर्घटना होने के बाद पहला एक घंटा होता है बेहद महत्वपूर्ण




**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में हर साल सड़क हादसों में लोगों की जान जाने की संख्या बढ़ रही है। वहीं साल 2025 में 400 लोगों ने अलग-अलग सड़क हादसों में अपनी जीवन लीला समाप्त की है। लोगों के जीवन को बचाने और नई जिंदगी मिलने के लिए पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद यातायात पुलिस द्वारा रविवार को पुलिस लाइन में महत्वपूर्ण मीटिंग की गई। जिसके तहत कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में सड़क हादसों में घायल होने वाले पीड़ितों और घायलों को निजी एवं सरकारी अस्पताल में डेढ़ लाख रुपए तक का कैशलेस इलाज और 7 दिनों तक अन्य उपचार की व्यवस्था निशुल्क करने पर प्लान बनाया गया है। साथ ही सड़क दुर्घटना में किसी घायल को अस्पताल पहुंचाने के लिए अब प्रोत्साहन राशि बढ़ाकर 25000 कर दी गई है। इसके साथ ही पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में इंटीग्रेटेड रोड एक्सीडेंट डाटाबेस तैयार करने वाली कंपनी से नए सिरे से सर्वे करा कर डार्क जोन, दुर्घटना बाहुल्य इलाके, आसपास एंबुलेंस की उपलब्धता जैसे महत्वपूर्ण जानकारी एप के जरिए उपलब्ध कराई जाएगी ताकि सड़क हादसों के बाद लोगों की जान बचाई जा सके।




### सड़क हादसे में घायलों की मदद पर सरकार देगी 25 हजार की मदद

करंट क्राइम : इस दौरान पुलिस के अधिकारियों द्वारा जानकारी दी गई है की योजना के क्रियान्वयन और उपचार के साथ ही पुलिस द्वारा निभाई जाने वाली जिम्मेदारी और कोई अगर आम नागरिक घायलों को अस्पताल पहुंचाता है तो उस नागरिक को गुड सेमेराटिन कानून के अंतर्गत किसी भी प्रकार की कानूनी परेशानी से मुक्त रखते हुए प्रोत्साहन के तौर पर 25000 की धनराशि दी जाएगी। पहले यह राशि 20,000 थी, जिसे सरकार ने बढ़ाकर अब 25 हजार रूपये कर दिया है ताकि अधिक से लोग जागरुक हों और सड़क हादसों में घायल होने वाले लोगों को नजदीकी अस्पताल और चिकित्सा मुहैया कराने में मदद करें।

### 14 थानों में काम करेगी क्रिटिकल कोर्डिनेट टीम

करंट क्राइम : एडिशनल सीपी कानून व्यवस्था एवं यातायात आलोक प्रियदर्शी और ट्रैफिक डीसीपी त्रिगुण बिसेन ने जानकारी दी है कि भारत सरकार की कैशलैस ट्रीटमेंट फॉर रोड एक्सीडेंट विक्टिम स्कीम को सभी थाना प्रभारियों के साथ साझा किया गया है। इस दौरान पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के 14 प्रमुख थानों की क्रिटिकल कॉर्डिने टीम भी बनाई गई हैं। जिसकी बैठक पुलिस लाइन के परमजीत हाल में रविवार को की गई। इस मीटिंग में थाना प्रभारी एवं क्रिटिकल कॉडिनेट के लोगों को इस बात के लिए जागरूक किया गया है कि गोल्डन ऑवर के तहत किसी भी दुर्घटना में घायलों को पास के सरकारी एवं निजी अस्पताल में पहुंचाया जाए ताकि मृत्यु होने की संभावना बेहद कम हो जाए। इस दौरान थाना प्रभारी को कैशलैस ट्रीटमेंट ऑफ रोड एक्सीडेंट विक्टिम स्कीम-2025 के बारे में भी जानकारी दी गई है।



### प्रमुख चौराहों, हाईवे और डेंजर जोन का दोबारा से बनाया जाएगा डेटाबेस

करंट क्राइम : रविवार को पुलिस लाइन में सड़क सुरक्षा और जीवन सुरक्षा को लेकर हुई महत्वपूर्ण बैठक के दौरान इंटीग्रेटेड रोड एक्सीडेंट डाटाबेस को तैयार करने वाली कंपनी के मैनेजर शांति भूषण तिवारी के द्वारा बताया गया है कि वैज्ञानिक डिजिटल डाटा तैयार किया जाएगा। साथ ही दुर्घटनाओं का विश्लेषण किया जाएगा। जिसमें यह जानकारी पुलिस और आम जनता को दी जाएगी कि अधिकांश स्थानों पर सड़क हादसे क्यों हो रहे हैं। इसके कारण क्या हैं, इनमें कमी कैसे लाई जा सकती है। कहां पर अधिक प्रकाश की व्यवस्था है और कहां अधिक प्रकाश होने की वजह से परेशानी हो रही है। जैसे महत्वपूर्ण विषयों को लेकर एक डेटाबेस तैयार किया जाएगा ताकि सड़क हादसों में कमी लाई जा सके।

> "सड़क हादसों में कमी लाने के लिए लगातार ट्रैफिक पुलिस गाजियाबाद और थाना पुलिस अभियान चला रही है ताकि जीवन रक्षा की जा सके। इस दिशा में जल्द नया अभियान और व्यापक जागरूकता कार्यक्रम शुरू किया जाएगा।
> — जे रविंदर गौड, पुलिस कमिश्नर गाजियाबाद



## संपादकीय

# ईरान संकट बनाम अमेरिका

ईरान में महंगाई के खिलाफ आम लोगों का विरोध-प्रदर्शन तेहरान बनाम वॉशिंगटन का रूप ले रहा है। पश्चिमी प्रतिबंधों और सरकारी नीतियों के कारण देश की अर्थव्यवस्था डूबने के कगार पर है, जिससे जनता में भारी असंतोष है। हालिया विरोध प्रदर्शनों में 45 से अधिक लोगों की मौत हुई है और इंटरनेट बंद है। ईरान में महंगाई के खिलाफ आम लोगों का विरोध-प्रदर्शन धीरे-धीरे तेहरान बनाम वॉशिंगटन होता जा रहा है। इस्लामिक देश के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई का संबोधन डोनाल्ड ट्रंप के लिए चेतावनी है, जो जरूरत पड़ने पर ईरान में दखल देने की बात कह चुके हैं। पश्चिम के प्रतिबंध। ईरान की समस्या बहुत हद तक पैदा की हुई है। 1979 की क्रांति में शाह के पतन और इस्लामिक गणराज्य की स्थापना के समय से ही ईरान को पश्चिमी प्रतिबंधों का सामना करना पड़ रहा है। इस समय भी परमाणु हथियारों के कार्यक्रम पर रोक नहीं लगाने के आरोप में अमेरिका और यूरोप ने ईरान पर कई तरह के प्रतिबंध लाद रखे हैं। कुछ इन पाबंदियों और कुछ सरकारी नीतियों की वजह से ईरान की इकॉनमी आज डूबने के कगार पर पहुंची हुई है।

आर्थिक संकट  सरकारी आंकड़े बताते हैं कि ईरान में महंगाई दर 42% हो गई है। खाने-पीने के दाम बेतहाशा बढ़े हैं और जरूरी चीजों के दाम में 110% तक की बढ़ोत्तरी हुई है। ईरान के पास दुनिया के कुल तेल भंडार का 9-10% है, लेकिन अमेरिका ने उस पर यह कहते हुए कड़े प्रतिबंध लाद रखे हैं कि इन पैसों का इस्तेमाल परमाणु हथियार विकसित करने में होता है।

जनता में असंतोष  दशकों की इन पाबंदियों की वजह से ईरान को कभी संभलने का मौका नहीं मिला। पश्चिम की दुश्मनी खामेनेई से है, पर भुगतना जनता को पड़ रहा है ऊपर से कट्टरता, शासन व्यवस्था से जुड़ी समस्याएं, मानवाधिकार का उल्लंघन जैसे आरोप भी हैं, जिनके विरोध में हर कुछ वक्त बाद ईरानी सड़कों पर उतरे नजर आते हैं। साल 2022 में भी ऐसे ही उग्र प्रदर्शन हुए थे, जब हिजाब न पहनने के आरोप में एक युवती को हिरासत में लिया गया था और उसकी मौत हो गई थी। हालात बिगड़ेंगे ताजा विरोध-प्रदर्शन देश के अधिकतर हिस्सों तक फैल चुके हैं। खबरों के मुताबिक, 45 से ज्यादा लोगों की मौत हुई है। इंटरनेट बंद है और आम ईरानियों की सुरक्षा को लेकर पूरी दुनिया में चिंता है, लेकिन संप्रभु देश के मामलों में अमेरिका को कूदने का अधिकार नहीं है। पिछले साल जून में अमेरिका और इस्राइल ने ईरान पर एयर स्ट्राइक की थी, लेकिन उसका कोई फायदा नहीं निकला। इससे पहले भी कई उदाहरण हैं, जहां अमेरिकी हस्तक्षेप से हालात और बिगड़े ही। ईरान का फैसला वहां की जनता ही करे तो अच्छा होगा।

# एनपीए और निरीक्षण रिपोर्ट सार्वजनिक करने पर बैंकों-आरबीआई में टकराव

**नई दिल्ली।** आरबीआई ने एनपीए, जुमार्ने और बैंक निरीक्षण रिपोर्ट को सार्वजनिक करने की तैयारी की है। लेकिन चार प्रमुख बैंक इसका विरोध कर रहे हैं। उन्होंने केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) में अपील दायर की है। यह मामला बैंकिंग पारदर्शिता, जमाकताओं के अधिकार और नियामक जवाबदेही पर असर डाल सकता है। सीआईसी ने अब इसे बड़ी बेंच के पास भेजा है। चार बड़े बैंकों ने बैंक ऑफ बड़ौदा, आरबीएल बैंक, यस बैंक और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) का रुख किया है। इन बैंकों ने कर्ज न चुकाने वालों की सूची, एनपीए, जुमार्ने और निरीक्षण रिपोर्ट जैसी जानकारी सार्वजनिक किए जाने पर आपत्ति जताई है। वहीं, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने कहा कि यह जानकारी आरटीआई कानून के तहत दी जा सकती है।

### आरटीआई आवेदकों ने क्या जानकारी मांगी?

आरटीआई आवेदक धीरज मिश्रा, वथिराज, गिरीश मित्तल और राधा रमण तिवारी ने आरबीआई में अलग-अलग आवेदन दायर किए थे। इनमें यस बैंक के शीर्ष 100 एनपीए, उसके जानबूझकर कर्ज न चुकाने वालों की सूची, एसबीआई और आरबीएल की निरीक्षण रिपोर्ट और बैंक ऑफ बड़ौदा पर लगाए गए 4.34 करोड़ रुपये के जुमार्ने से जुड़े दस्तावेज मांगे गए थे।

### आरबीआई का क्या कहना है?

जब आरबीआई ने यह राय दी कि मांगी गई जानकारी आरटीआई कानून के तहत दी जा सकती है, तो इन बैंकों ने इसके खिलाफ केंद्रीय सूचना आयोग में अपील दायर की। सूचना आयुक्त खुशवंत सिंह सेठी ने बैंकों की ओर से उठाए गए मुद्दों को देखते हुए मामले को सीआईसी की बड़ी पीठ के पास भेज दिया। उन्होंने कहा कि इस तरह के मामलों की सुनवाई पहले भी दो सदस्यीय पीठ कर चुकी है। सेठी ने कहा कि सभी मामलों को अंतिम फैसले के लिए मुख्य सूचना आयुक्त के पास भेजा गया है। तब तक जानकारी के खुलासे पर रोक रहेगी।

इन मामलों के फैसले का बैंकिंग क्षेत्र में पारदर्शिता, जमाकताओं के अधिकार और नियामकीय जवाबदेही पर व्यापक असर पड़ने की संभावना है, खासकर ऐसे समय में जब एनपीए, जुमार्ने और निगरानी में चूक को लेकर सार्वजनिक जांच तेज है।

आरबीआई ने आरटीआई कानून की धारा 11 के तहत जानकारी देने से पहले बैंकों से उनकी राय भी मांगी थी। इस प्रावधान के तहत जिस पक्ष से जुड़ी जानकारी मांगी जाती है, उससे उसकी सहमति या आपत्ति ली जाती है।

# आंध्र प्रदेश में ओएनजीसी के गैस कुएं की आग पर काबू



**नई दिल्ली।** आंध्र प्रदेश के डॉ. बीआर अंबेडकर कोनसीमा जिला में ओएनजीसी के एक गैस कुएं में लगी आग पर आखिरकार नियंत्रण पा लिया गया है। 5 जनवरी को सर्विसिंग के दौरान हुए इस हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ। कंपनी ने त्वरित संकट प्रबंधन के तहत कैपिंग ऑपरेशन पूरा करते हुए सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता दी। ओएनजीसी ने आंध्र प्रदेश में स्थित अपने मोरी-5 कुएं पर सफलतापूर्वक नियंत्रण स्थापित कर लिया है। कंपनी ने शनिवार को बताया कि रिकॉर्ड पांच दिनों में कैपिंग ऑपरेशन पूरा कर लिया गया है।

तेल और प्राकृतिक गैस निगम के अनुसार, आंध्र प्रदेश में उसके ऑनशोर एसेट में स्थित मोरी-5 कुएं में 5 जनवरी 2026 को नियमित सर्विसिंग के दौरान ब्लोआउट हुआ था। यह कार्य ठेकेदार दीप इंडस्ट्रीज लिमिटेड द्वारा किया जा रहा था। सर्विस के दौरान कुएं से हाइड्रोकार्बन का अनियंत्रित रिसाव शुरू हो गया था। कंपनी ने बताया कि कैपिंग पूरी होने के साथ ही मोरी-5 से जुड़ी फील्ड-लेवल गतिविधियां समाप्त कर दी गई हैं। और इस मामले में आगे किसी परिचालन अपडेट की आवश्यकता नहीं होगी। ओएनजीसी ने अपने बयान में तेल और गैस परिचालन में सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण और परिचालन अनुशासन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है।

# सासू माँ की द्वितीय पुण्यतिथि पर



(मेरी शब्द श्रद्धांजलि)

प्रस्तुति करंट क्राइम

माँ.....
आज फिर स्मृतियों का एक सागर उमड़ आया
आज भी घर में बसती है आपकी वो कोमल मुस्कान,
वो आशीष भरी नजरें, वो ममता की अटूट डोर।

माँ...
आप न केवल घर की लक्ष्मी थीं,
बल्कि हम सबकी आत्मा की दीपशिखा भी।
आपके जाने से घर सुनसान सा हो गया

माँ...
समय का मानो एक युग ही थम सा गया है।
फिर भी,आपकी छाया आज भी साथ चलती है,
हर निर्णय में आपकी तीव्र बुद्धि सदैव हितकारी थी।

माँ...
सभी से समान प्रेम में आपकी ममता।
शत-शत नमन, मेरी पूजनीय सासू माँ,
आप जहाँ भी हैं, वहीं से हमें प्रेरणा दीजिए,

माँ...
आप अपने आशीष का हाथ सदैव सिर पर रखें
प्रभु प्रार्थना कि आपकी आत्मा को परम शांति मिले
वहीं से आप सभी बच्चों को खुशहाल देखें।



डॉ. मंजु सैनी

## रोचक तथ्यों का करंट

- जुराब यानि मोजे पहन कर सोने वाले लोग रात में बहुत कम बार जागते हैं या बिलकुल नहीं जागते हैं।
- कोई भी अपने आप को सांस रोक कर नहीं मार सकता है।
- जरुरत से ज्यादा टेंशन आपके दिमाग को कुछ समय के लिए बंद कर सकती है।
- चीनी को जब चोट पर लगाया जाता है, तो दर्द कम हो जाता है।
- शीर्ष दूध पीने वाला देश फिनलैंड में लगभग 95 गैलन दूध / व्यक्ति / वर्ष है। शीर्ष 5 देश दूध पीने के मामले में सबसे ऊपर हैं, फिनलैंड (361.1 9 किलो), स्वीडन (355.86 किलो), नीदरलैंड (320.15 किलो), स्विट्जरलैंड (315 किलो) और ग्रीस (314.6 9 किलो) हैं।
- एक प्रकार का प्लास्टिक बनाने के लिए दूध का उपयोग किया जा सकता है जो गंधहीन, बायोडिग्रेडेबल, एंस्टीटिक, पानी में अघुलनशील और लगभग गैर ज्वलनशील है।
- दूध नॉर्थ डकोटा का आधिकारिक राज्य पेय है!
- जो देश दूध पीते हैं, वह स्मार्ट हैं और नोबेल पुरस्कार जीतने में ज्यादा सक्षम हैं!

# डीजीसीए का जुर्माना बरकरार इंडिगो की अपील खारिज

**नई दिल्ली।** इंडिगो की मूल कंपनी इंटरग्लोब एविएशन ने बीएसई को बताया, इस मामले का निपटारा कंपनी के निदेशक उड़ान परिचालन और निदेशक प्रशिक्षण पर 20-20 लाख रुपये के जुमार्ने को बहाल करते हुए किया गया है। इंडिगो ने शुक्रवार को कहा कि एक अपीलीय प्राधिकरण ने विमानन नियामक डीजीसीए द्वारा एयरलाइन के दो वरिष्ठ अधिकारियों पर लगाए गए जुमार्ने के खिलाफ उसकी अपील को खारिज कर दिया है। योग्य सिमुलेटर का इस्तेमाल करने में कथित विफलता के लिए लगाया गया था। पिछले साल सितंबर में नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने इंडिगो के निदेशक उड़ान परिचालन और निदेशक प्रशिक्षण पर 20-20 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया था। डीजीसीए अपीलीय प्राधिकरण ने सात जनवरी के एक आदेश में इस अपील को खारिज कर दिया है। इंडिगो की मूल कंपनी इंटरग्लोब एविएशन ने बीएसई को बताया, इस मामले का निपटारा कंपनी के निदेशक उड़ान परिचालन और निदेशक प्रशिक्षण पर 20-20 लाख रुपये के जुमार्ने को बहाल करते हुए किया गया है। नियामक ने यह जुमार्ना श्रेणी सी के हवाई अड्डों पर पायलट प्रशिक्षण के लिए योग्य सिमुलेटर का उपयोग करने में एयरलाइन की कथित विफलता के कारण लगाया था। आमतौर पर, पायलटों को श्रेणी सी के हवाई अड्डों से उड़ानों के संचालन के लिए अतिरिक्त प्रशिक्षण की आवश्यकता होती है।




# गोवा में पर्यटन ने बनाया रिकॉर्ड, 2025 में 1.08 करोड़ सैलानी पहुंचे



**नई दिल्ली।** गोवा में साल 2025 में 1.08 करोड़ पर्यटकों की रिकॉर्ड संख्या दर्ज की गई है, जिसमें पांच लाख से अधिक विदेशी सैलानी भी शामिल हैं। यह आंकड़ा पिछले वर्षों की संख्या से कई अधिक है। ऐसे में यह कहना गलत नहीं होगा कि पर्यटकों पर गोवा का खुमार फिर से सिर चढ़कर बोल रहा है।

अपने खूबसूरत समुद्र के किनारों और प्रसिद्ध स्थापत्य कला के लिए मशहूर गोवा में साल 2025 में पर्यटकों की संख्या में रिकॉर्ड इजाफा दर्ज किया गया है। गोवा में बीते साल 2025 में 1.08 करोड़ पर्यटकों की रिकॉर्ड संख्या दर्ज की गई है, जिसमें विदेशी सैलानियों की संख्या 5 लाख से अधिक रही है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार बीते साल 2025 में गोवा आए पर्यटकों की संख्या पिछले वर्षों की तुलना में अधिक है।

### पर्यटकों का कुल आंकड़ा 1,08,02,410

राज्य पर्यटन विभाग ने रविवार को जारी अपने आंकड़ों में बताया कि 2025 में गोवा में 1,02,84,608 घरेलू पर्यटक और 5,17,802 विदेशी पर्यटक आए, जिससे कुल आगमन 1,08,02,410 हो गया। इसमें कहा गया है कि चार्टर उड़ानों के माध्यम से विदेशी पर्यटकों के आगमन ने गोवा के भीतर के पर्यटन में खासकर पारंपरिक सोर्स बाजारों में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वहीं गोवा के पर्यटन मंत्री रोहन खुंटे ने रविवार (11 जनवरी) को बताया कि सरकार का ध्यान गुणवत्ता पर्यटन को बढ़ावा देने, बाजारों में विविधता लाने और तटीय राज्य के रीजेनरेटिव टूरिज्म के विजन को आगे बढ़ाने पर है, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि इसकी ग्रोथ से स्थानीय समुदायों, पर्यावरण और अर्थव्यवस्था को लंबे समय तक फायदा हो।

### आंकड़ों में जानिए विदेशी मेहमानों की संख्या

इंटरनेशनल मेहमान (विदेशी पर्यटकों) के मामले में 2017 में गोवा में 1,024 चार्टर फ्लाइट्स आई, जिनमें 2,49,374 विदेशी पर्यटक आए, जो धीरे-धीरे 2019 में घटकर 799 फ्लाइट्स और 2,16,738 पर्यटक रह गए। पर्यटन विभाग ने बताया कि मनोहर इंटरनेशनल एयरपोर्ट (नॉर्थ गोवा के मोपा में) के चालू होने का असर 2023 के डेटा में दिखा, जब मोपा और डाबोलिम दोनों एयरपोर्ट पर चार्टर ऑपरेशन रिकॉर्ड किए गए, जिसमें कुल 356 फ्लाइट्स और 72,795 पर्यटक आए।

### गोवा में पर्यटकों का चढ़ता-उतरता ग्राफ

हमेशा विदेशी पर्यटकों से गुलजार रहने वाले गोवा ने पिछले कई वर्षों में पर्यटन उद्योग में गिरावट का सामना किया है। आंकड़ों से पता चला कि गोवा में पर्यटकों के आगमन में विकास, रुकावट और रिकवरी के अलग-अलग चरण देखे गए हैं। 2017 में राज्य में 68,95,234 घरेलू पर्यटक और 8,90,459 विदेशी पर्यटक आए, जिससे कुल संख्या 77,85,693 हो गई। आंकड़ों के अनुसार 2018 और 2019 में (उडश्क्क-19 से पहले) मध्यम वृद्धि जारी रही, जिसमें कुल आगमन क्रमशः 80,15,400 और 80,64,400 तक पहुंच गया। इसमें कहा गया है कि यह ऊपर की ओर रुझान 2023 और 2024 में (उडश्क्क-19 के बाद) जारी रहा, जिसमें कुल आगमन क्रमशः 86,28,162 और 1,04,09,196 रहा।

## राशिफल

**मेष:** खुशनुमा जिन्दगी के लिए अपना जिद्दी और अड़ियल रवैये को दरकिनार करें, क्योंकि इससे सिर्फ समय की बबार्दी ही होती है।

**वृष:** आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। दाम्पत्य संबंध मधुर होंगे। रोजमर्रा के कामों से आपको फायदा होगा। कारोबार में पैसा लगाने के बारे में सोच सकते हैं।

**मिथुन:** किसी नए कार्य की शुरूआत कर सकते हैं, सफलता अवश्य मिलेगी। घर में खुशी का माहौल रहेगा, युवकों को सलाह है कि किसी से न उलझे।

**कर्क:** दिन व्यस्तता में बीत सकता है। नई जिम्मेदारी लेने में थोड़ा संकोच कर सकते हैं। आपकी जिम्मेदारियां भी बढ़ सकती है। कुछ खास काम आपके अटक सकते हैं।

**सिंह:** आज किस्मत आपके साथ रहने वाली है। कार्यक्षेत्र में आज कुछ नया करने की कोशिश करें। काम धीरे-धीरे ही सही लेकिन पूरा जरुर हो जायेगा।

**कन्या:** भावनाओं का ज्वार तेजी पर होगा, व्यवहार आस-पास के लोगों को भ्रमित करेगा। अगर आप तुरन्त परिणाम चाहेंगे तो निराशा आपको घेर सकती है।

**तुला:** आज दिन मिला-जुला रहेगा। सभी काम आपके मन-मुताबिक पूरे हो सकते हैं। जरूरत से ज्यादा एकाग्रता के कारण आपको थोड़ी परेशानी हो सकती है।

**वृश्चिक:** विद्यार्थी, कलाकार और खिलाड़ियों के लिए आज का दिन अच्छा है। पिता तथा सरकार की ओर से लाभ होगा। मनोबल भी दृढ़ रहेगा।

**धनु:** जो धुंध चारों तरफ छायी हुई है और प्रगति को बाधित कर रही है, उससे बाहर निकलने का समय है। आर्थिक करार अंतिम रूप लेगा और धन तरफ आएगा।

**मकर:** आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। कोई बड़ा और अलग काम करने से आपको बचना चाहिए। आप थोड़े सुस्त हो सकते हैं।

**कुंभ:** दिन आराम से बीतेगा। कोई खास काम या चुनौती नहीं होगी। काम के सिलसिले में कहीं जाना भी पड़ सकता है। जितना हो सके, सकारात्मक रहें।

**मीन:** आज के दिन किए गए दान-पुण्य के काम आपको मानसिक शान्ति और सुकून देंगे। बैंक से जुड़े लेन-देन में काफी सावधानी बरतने की जरूरत है।

## चुटकुले

टीचर : पप्पू, होमवर्क क्यों नहीं किया?
पप्पू : मैडम, आज मन नहीं था।
टीचर : रोज क्यों नहीं होता?
पप्पू : मन भी इंसान है, थक जाता है!

---

पत्नी : सुनो जी, मैं कुछ बोलूँ?
पति : बोलो।
पत्नी : रहने दो।
पति : देखा! यही तो डर है!

---

दोस्त : भाई, आजकल जल्दी सो जाता है?
गोलू : हाँ यार।
दोस्त : क्यों?
गोलू : सपनों में भी आराम नहीं मिलता!

---

मरीज : डॉक्टर साहब, मुझे काम करते ही नींद आती है।
डॉक्टर : ये कब से है?
मरीज : जब से नौकरी लगी है।
डॉक्टर : समस्या समझ गया!

# 12 01 2026 करंट क्राइम

## आज के जन्मदिन

जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

सेलेब्रिटी जन्मदिन




सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
**Email : currentcrimenews@gmail.com**

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार) 8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# संजय मांजरेकर ने किया दावा, वनडे सबसे आसान फॉर्मेट है





**बड़ोदा।** विराट कोहली के टेस्ट संन्यास के बाद संजय मांजरेकर ने दावा किया कि वनडे सबसे आसान फॉर्मेट है। इस टिप्पणी पर विवाद बढ़ा और वडोदरा में पत्रकारों ने शुभमन गिल से इस पर प्रतिक्रिया मांगी। गिल ने सीधा जवाब दिया कि कोई भी फॉर्मेट आसान नहीं होता और अगर वनडे आसान होता तो भारत 2011 के बाद से आईसीसी टूनार्मेंट आसानी से जीत लेता। उधर मांजरेकर अपने तर्क पर कायम हैं और मानते हैं कि टॉप-ऑर्डर बल्लेबाजों के लिए वनडे कम चुनौतीपूर्ण है।

हाल ही में इंग्लैंड के जो रूट ने टेस्ट क्रिकेट में अपना 41वां शतक जमाया, जिसके बाद विराट कोहली के टेस्ट से संन्यास लेने के फैसले पर फिर चर्चा शुरू हो गई। विराट कोहली, रूट, स्टीव स्मिथ और केन विलियम्सन मिलकर 'फैब-4' कहलाते हैं, लेकिन इस चौकड़ी में सिर्फ कोहली ही ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्होंने टेस्ट से संन्यास लिया है।

पूर्व भारतीय क्रिकेटर संजय मांजरेकर ने इसी मुद्दे पर एक वीडियो जारी किया और कहा कि कोहली ने टेस्ट की कमियों को दूर करने की बजाय संन्यास लेकर 'सबसे आसान फॉर्मेट', वनडे पर ध्यान देना चुना। मांजरेकर की यह टिप्पणी सोशल मीडिया पर काफी विवाद का कारण बनी।

**शुभमन गिल का सीधा जवाब**

भारत बनाम न्यूजीलैंड पहली वनडे से पहले वडोदरा में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान एक पत्रकार ने शुभमन गिल से पूछा, 'क्या आप मानते हैं कि वनडे तीनों फॉर्मेट में सबसे आसान है? क्योंकि एक पूर्व क्रिकेटर ने ऐसा कहा है।' गिल ने बिना नाम लिए मांजरेकर की टिप्पणी पर जवाब देते हुए कहा, 'मुझे नहीं लगता कि कोई भी फॉर्मेट आसान होता है। भारतीय टीम ने 2011 के बाद से कोई विश्व कप नहीं जीता है। अगर वनडे इतना आसान होता, तो हम हर दूसरे संस्करण में विश्व कप जीतते।' गिल ने आगे कहा कि किसी भी आईसीसी टूनार्मेंट को जीतने के लिए स्थिरता, धैर्य और दृढ़ संकल्प की जरूरत पड़ती है। इसलिए किसी फॉर्मेट को आसान बताना उचित नहीं है।

## मांजरेकर का तर्कः टॉप-ऑर्डर को मिलता है फायदा

संजय मांजरेकर ने अपनी टिप्पणी को लेकर कहा कि उन्हें कोहली का टेस्ट छोड़ना खलता है। उनका कहना था कि कोहली टेस्ट में अपनी कमियों को दूर कर सकते थे, पर उन्होंने ऐसा करने के बजाय वनडे जारी रखने का फैसला लिया। **मांजरेकर ने इंस्टाग्राम पर एक और वीडियो में कहा:**
वनडे शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों के लिए आसान होता है। गेंदबाज सिर्फ 10-15 रन प्रति ओवर रोकने का प्रयास करते हैं, न कि लगातार विकेट निकालने का। टेस्ट जैसी परिस्थितियां नहीं होतीं, जहां चार स्लिप और गली खड़े रहते हैं।
उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि भारतीय क्रिकेट में ऐसे कई बल्लेबाज रहे जो टेस्ट में मिडिल ऑर्डर में खेलना पसंद करते थे, लेकिन वनडे में ओपनिंग करने के लिए उत्साहित रहते थे। इससे साबित होता है कि टॉप-ऑर्डर बल्लेबाज वनडे में ज्यादा सहज महसूस करते हैं।

### विवाद क्यों बढ़ा?

क्रिकेट फैंस और विशेषज्ञों का मानना है कि फॉर्मेट की तुलना करना गलत है, क्योंकि तीनों फॉर्मेट में तकनीक, मानसिकता, मैच स्थिति और फिटनेस की आवश्यकताएं अलग होती हैं। इसलिए कई लोगों को लगा कि मांजरेकर ने न सिर्फ वनडे को कम आंका, बल्कि कोहली के फैसले पर भी अनावश्यक सवाल खड़े किए।

# कोहली ने अपने 'बचपन वाले हमशक्ल' को दिया ऑटोग्राफ



**बड़ोदा।** विराट कोहली के ऑटोग्राफ देते हुए एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें एक बच्चा उनके बचपन की हूबहू कॉपी जैसा दिखा। इस वजह से फैंस हैरान रह गए। वडोदरा में न्यूजीलैंड के खिलाफ पहला वनडे होने जा रहा है, जो कई कारणों से खास है। रोहित-कोहली लंबे समय बाद फिर अंतरराष्ट्रीय असाइनमेंट पर दिखेंगे। गिल नई जिम्मेदारी निभाएंगे और कोटांबी स्टेडियम पहली बार पुरुषों का वनडे होस्ट करेगा।

बड़ोदा में भारत और न्यूजीलैंड के बीच पहले वनडे से पहले एक दिलचस्प घटना सोशल मीडिया पर सुर्खियां बनी हुई है। विराट कोहली ने मैच से पहले बच्चों को ऑटोग्राफ दिए, लेकिन वीडियो वायरल इसलिए हुआ क्योंकि उनमें से एक बच्चा बिल्कुल विराट कोहली के बचपन जैसा दिख रहा था। सोशल मीडिया पर फैंस ने बच्चे की शक्ल, हेयरस्टाइल और हाइट की तुलना कोहली के पुराने इंटरव्यू और तस्वीरों से की और कई लोग हैरान रह गए। फैंस ने मजाक में उसे 'बचपन वाला विराट', 'चाइल्डहुड कोहली' और 'जूनियर विराट' तक कह दिया। विराट खुद भी ऑटोग्राफ देते समय मुस्कुराते दिखे, और बच्चों से काफी सहजता से मिले। यह वीडियो तेजी से इंस्टाग्राम, एक्स और यूट्यूब पर वायरल हो गया।

**भारत में वनडे का उत्साह, कोहली-रोहित पर नजरें**

वर्तमान में भारत में एक बार फिर वनडे क्रिकेट को लेकर जबरदस्त उत्साह है, क्योंकि विराट कोहली और रोहित शर्मा अब केवल इसी इंटरनेशनल फॉर्मेट में सक्रिय हैं।

# लॉरेन बेल के इंस्टाग्राम अकाउंट पर 10 लाख फॉलोअर्स पूरे, फैंस का भी जताया आभार



**नई दिल्ली।** इंग्लैंड की तेज गेंदबाज लॉरेन बेल ने WPL 2026 और फ्छइ डेब्यू के बाद लोकप्रियता हासिल करते हुए इंस्टाग्राम पर 1 मिलियन फॉलोअर्स पूरे किए। उन्होंने फैंस को धन्यवाद दिया। मैदान पर भी उन्होंने बेहतरीन गेंदबाजी आंकड़े दर्ज कर रखे हैं और अब WPL की उभरती स्टार के रूप में देखी जा रही हैं।

इंग्लैंड की तेज गेंदबाज और महिला प्रीमियर लीग में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की स्टार खिलाड़ी लॉरेन बेल ने सोशल मीडिया पर एक बड़ा माइलस्टोन हासिल किया है। लॉरेन के इंस्टाग्राम पर 10 लाख (1 मिलियन) फॉलोअर्स पूरे हो गए, जिसके बाद उन्होंने फैंस को धन्यवाद देते हुए एक स्टोरी शेयर की और अपनी खुशी को जाहिर किया। महिला प्रीमियर लीग 2026 के धमाकेदार आगाज और मुंबई इंडियंस के खिलाफ उनके शानदार प्रदर्शन से उनकी लोकप्रियता तेजी से बढ़ी है।

**इंस्टाग्राम पर जताई खुशी**

लॉरेन बेल ने अपनी इंस्टा स्टोरी में लिखा, 'सभी को हैलो! मैं विश्वास नहीं कर पा रही कि मेरे इंस्टाग्राम पर एक मिलियन फॉलोअर्स हो गए हैं।' इस पोस्ट के बाद फैंस ने भी कमेंट्स में उनकी तारीफ और प्यार बरसाया। कई फैंस ने लिखा, 'आरसीबी पावर', 'क्वीन ऑफ स्विंग'।

**WPL 2026 में शानदार प्रभाव**

महिला प्रीमियर लीग 2026 में अपने पहले मैच में ही उन्होंने फैंस का दिल जीत लिया। मुंबई इंडियंस के खिलाफ मुकाबले में उन्होंने चार ओवर में 14 रन देकर एक विकेट का किफायती स्पेल डाला। उनकी लंबी कद-काठी, स्विंग और लाइन-लेंथ उन्हें बेहद खतरनाक गेंदबाज बनाती है।

इसकी बदौलत मुंबई की टीम 20 ओवर में छह विकेट पर 154 रन ही बना सकी। जवाब में आरसीबी ने सात विकेट गंवाकर आखिरी गेंद पर मुकाबला जीता। बेंगलुरु की टीम अंक तालिका में फिलहाल तीसरे स्थान पर है।

**क्रिकेट करियर और प्रोफाइल**

बेल का जन्म दो जनवरी 2001 को इंग्लैंड में हुआ था। उनकी उम्र 25 वर्ष है। वह दाएं हाथ की मध्यम तेज गति की गेंदबाज हैं। वह इंग्लैंड के लिए अब तक पांच टेस्ट, 31 वनडे और 36 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुके हैं। पांच टेस्ट में उन्होंने 18 विकेट, वनडे में 44 विकेट और टी20 अंतरराष्ट्रीय में 50 विकेट ले चुकी हैं। यानी सिर्फ सोशल मीडिया ही नहीं, मैदान पर भी लॉरेन अपने खेल से प्रभावित कर रही हैं।

**फैंस की प्रतिक्रिया**

आरसीबी और इंग्लैंड क्रिकेट फैंस ने इंस्टाग्राम पर उन्हें जमकर बधाई दी। कई भारतीय फैंस ने महिला प्रीमियर में उनके प्रदर्शन की तारीफ करते हुए कहा कि वह RCB की भविष्य की स्टार हैं। बेल अपनी खूबसूरती और ग्लैमर के लिए भी जानी जाती हैं।

# पडिक्कल-सरफराज की जंग में किसकी होगी जीत

## मुंबई-कर्नाटक के बीच विजय हजारे ट्रॉफी का क्वार्टर फाइनल



**नई दिल्ली।** विजय हजारे ट्रॉफी के क्वार्टर फाइनल में मुंबई और कर्नाटक आमने-सामने होंगे। इस मुकाबले में देवदत्त पडिक्कल और सरफराज खान पर नजरें रहेंगी, जो घरेलू क्रिकेट में शानदार फॉर्म में हैं। दोनों खिलाड़ी राष्ट्रीय चयन के रडार पर हैं, इसलिए यह मैच उनके लिए अहम साबित हो सकता है।

घरेलू क्रिकेट की दिग्गज टीमें मुंबई और कर्नाटक सोमवार को यहां होने वाले विजय हजारे ट्रॉफी क्वार्टरफाइनल में जब आमने-सामने होंगी तब सरफराज खान और देवदत्त पडिक्कल से अपनी शानदार फॉर्म को आगे बढ़ाने की उम्मीद होगी। सोमवार को ही सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में दूसरा क्वार्टर फाइनल उत्तर प्रदेश और सौराष्ट्र के बीच खेला जाएगा।

कर्नाटक को ग्रुप चरण के उनके अंतिम लीग मैच में सिर्फ एक ही हार मिली थी। इसके बावजूद टीम को पूरा भरोसा होगा कि वह मुंबई के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पेश करेगी। देवदत्त पडिक्कल सात पारियों में चार शतक और एक अर्धशतक की मदद से 640 रन के साथ टूनार्मेंट के सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। वह अगर लय बरकरार रखे तो 2027 वनडे विश्व कप की टीम तैयारी कर रहे चयनकताओं के लिए उन्हें नजरअंदाज करना मुश्किल होगा।

सरफराज खान भी टी20 की अपनी धमाकेदार लय को वनडे क्रिकेट में उतारकर चयनकताओं का ध्यान खींच रहे हैं। टीम को अंतिम लीग मुकाबले में पंजाब के खिलाफ मिली अप्रत्याशित हार में सरफराज ने पुरुषों की लिस्ट-ए क्रिकेट में किसी भारतीय द्वारा सबसे तेज अर्धशतक जड़ा था।

मुंबई वह मैच हार गया था लेकिन सरफराज सीमित ओवरों के प्रारूप में चयनकर्ताओं तक अपना संदेश पहुंचाने में सफल रहे।

**मुंबई स्क्वॉड :** अंगकृष रघुवंशी, मुशीर खान, सरफराज खान, सिद्धेश लाड (कप्तान), हार्दिक तामोरे (विकेटकीपर), शम्स मुलानी, साइराज पाटिल, शशांक अटारडे, ओंकार तुकाराम तर्मले, तुषार देशपांडे, तनुश कोटियान, मोहित अवस्थी, अथर्व अंकलेक, सुर्यांश शेडगे, आकाश आनंद, ईशान मुलचंदानी।
**कर्नाटक स्क्वॉड :** मयंक अग्रवाल (कप्तान), देवदत्त पडिक्कल, करुण नायर, स्मरण रविचंद्रन, कृष्णन श्रीजित (विकेटकीपर), अभिनव मनोहर, श्रेयस गोपाल, विजयकुमार विशाक, मनवंत कुमार एल, श्रीषा आचार, अभिलाष शेट्टी, शरथ बीआर, हर्षिल धमाणी, ध्रुव प्रभाकर, विद्यासागर पाटिल।

दूसरे क्वार्टरफाइनल में उत्तर प्रदेश और सौराष्ट्र की टीमें आमने-सामने होंगी। इस मैच में उत्तर प्रदेश का पलड़ा भारी होगा।

# कोच यान जेलेज्नी से अलग हुए नीरज चोपड़ा 90 मीटर के ऐतिहासिक प्रदर्शन के बाद विदाई



**नई दिल्ली।** दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा ने चेक गणराज्य के दिग्गज कोच यान जेलेज्नी के साथ अपनी साझेदारी एक सीजन बाद समाप्त करने की घोषणा की। नीरज ने इसे सीख, प्रगति और आपसी सम्मान से भरा सफर बताया, हालांकि अलग होने की वजह स्पष्ट नहीं की।

दो बार के ओलंपिक पदक विजेता और भारत के स्टार भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा ने शनिवार को चेक गणराज्य के दिग्गज कोच यान जेलेज्नी के साथ अपनी साझेदारी समाप्त करने की घोषणा की। यह साझेदारी सिर्फ एक सीजन तक चली, जिसे नीरज ने प्रगति, आपसी सम्मान और खेल के प्रति साझा जुनून से भरा बताया। हालांकि, नीरज ने इस करार के खत्म होने की कोई ठोस वजह नहीं बताई।

**नीरज ने की जेलेज्नी की तारीफ**

यान जेलेज्नी भाला फेंक के इतिहास के सबसे महान खिलाड़ियों में से एक हैं और विश्व रिकॉर्ड धारक भी हैं।

उन्हीं के मार्गदर्शन में नीरज चोपड़ा ने पिछले साल पहली बार 90 मीटर का आंकड़ा पार किया था। अपने अनुभव को साझा करते हुए नीरज ने कहा कि जिस खिलाड़ी को वह बचपन से अपना आदर्श मानते आए हैं, उससे सीधे सीखना उनके लिए सपने के सच होने जैसा था।

# न्यूजीलैंड से वनडे मैच से तीन घंटे पहले भारत को बड़ा झटका! पंत सीरीज से बाहर

**न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज से पहले टीम इंडिया को बड़ा झटका लगा है। विकेटकीपर ऋषभ पंत नेट्स में बल्लेबाजी के दौरान दाहिनी एब्डॉमिनल साइड में तेज दर्द महसूस होने के बाद एमआरआई कराया गया, जिसमें साइड स्ट्रेन की पुष्टि हुई।**

**मुंबई।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच रविवार से शुरू हो रही वनडे सीरीज से पहले टीम इंडिया को बड़ा झटका लगा है। विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत अचानक चोटिल हो गए हैं और पूरी वनडे सीरीज से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह विकेटकीपर ध्रुव जुरेल को टीम में शामिल किया गया है।

बीसीसीआई की ओर से जारी मीडिया एडवाइजरी के अनुसार शनिवार दोपहर वडोदरा के बीसीए स्टेडियम में नेट्स के दौरान बल्लेबाजी करते हुए पंत को दाहिनी तरफ पेट के हिस्से (लैटरल एब्डॉमिनल एरिया) में अचानक दर्द महसूस हुआ। मेडिकल जांच और विशेषज्ञ से चर्चा के बाद पता चला कि पंत को साइड स्ट्रेन हुआ है और इसके बाद उन्हें पूरी वनडे सीरीज से बाहर कर दिया गया। पुरुष चयन समिति ने ध्रुव जुरेल को पंत के रिप्लेसमेंट के रूप में चुना है और जुरेल टीम के साथ जुड़ भी चुके हैं।

भारत की अपडेटेड वनडे स्क्वॉडः शुभमन गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, विराट कोहली, केएल राहुल (विकेटकीपर), श्रेयस अय्यर (उपकप्तान), वॉशिंगटन सुंदर, रवींद्र जडेजा, मोहम्मद सिराज, हर्षित राणा, प्रसिद्ध कृष्णा, कुलदीप यादव, नीतीश कुमार रेड्डी, अर्शदीप सिंह, यशस्वी जायसवाल, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर)।

गिल और अगरकर की चर्चाः प्रैक्टिस के दौरान भारत के कप्तान शुभमन गिल की चीफ सेलेक्टर अजीत अगरकर के साथ लंबी बातचीत भी देखने को मिली। सिराज एक गेंद को जोर से मारने की कोशिश में चूक गए थे, जिसके बाद रोहित ने उन्हें तकनीकी सलाह दी। सिराज ने केवल बल्लेबाजी अभ्यास किया, जबकि रोहित सेशन के दौरान ज्यादा बल्लेबाजी करते नहीं दिखे।

**राहुल, अय्यर, जडेजा भी दिखे एक्टिव**

उप-कप्तान श्रेयस अय्यर, जिन्होंने हाल ही में मुंबई को विजय हजारे ट्रॉफी में पंजाब के खिलाफ रोमांचक मुकाबले में लीड किया था, उन्होंने केएल राहुल के साथ नेट्स में साझेदारी की। इसके अलावा रवींद्र जडेजा भी बल्लेबाजी करते देखे गए। अय्यर और सिराज, दोनों हाल ही में अपने-अपने राज्य के लिए विजय हजारे ट्रॉफी के मैच खेलकर आए हैं। इससे पता चलता है कि खिलाड़ियों की मैच फिटनेस बनी हुई है। न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज का शेड्यूलः यह तीन मैचों की वनडे सीरीज बड़ोदा क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम से शुरू होगी, जो पहली बार पुरुष अंतरराष्ट्रीय मैच की मेजबानी कर रहा है।

**पहले वनडे के लिए भारत की संभावित-11 :** शुभमन गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, विराट कोहली, केएल राहुल (विकेटकीपर), श्रेयस अय्यर (उप-कप्तान), रवींद्र जडेजा, नीतीश रेड्डी, हर्षित राणा, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, अर्शदीप सिंह।
**पहले वनडे के लिए न्यूजीलैंड की संभावित-11 :** डेवॉन कॉनवे (विकेटकीपर), विल यंग, हेनरी निकोल्स, डेरिल मिचेल, ग्लेन फिलिप्स, माइकल ब्रेसवेल (कप्तान), जोश क्लार्कसन, क्रिस्टियन क्लार्क, काइल जेमीसन, आदित्य अशोक, माइकल रे।



# द्रविड़ के चार रिकॉर्ड्स का टूटना मुश्किल! उनकी कही 5 बातें देती हैं जीवन की सीख



**नई दिल्ली।** राहुल द्रविड़ केवल 'द वॉल' नहीं, भारतीय क्रिकेट की सबसे भरोसेमंद नींव रहे हैं। उनकी तकनीक, संयम, मानसिक मजबूती, स्पोर्ट्समैनशिप और कोचिंग ने भारतीय क्रिकेट को अलग ऊंचाई पर पहुंचाया। उनके कई टेस्ट रिकॉर्ड आज भी अटूट हैं और आधुनिक गेम में इनके टूटने की संभावना काफी कम है। उनके विचार जीवन में अनुशासन और धैर्य की सीख देते हैं। भारतीय क्रिकेट इतिहास में द्रविड़ हमेशा एक सम्माननीय, शांत और महान किरदार के रूप में याद किए जाएंगे।

भारतीय टीम के पूर्व कप्तान और मौजूदा कोच राहुल द्रविड़ रविवार (11 जनवरी) को 53 साल के हो गए। साल 1973 में आज के दिन ही उनका जन्म हुआ था। एक सामान्य परिवार में जन्में राहुल द्रविड़ ने क्रिकेट की दुनिया में बहुत ही असाधारण प्रदर्शन किया है। पहले एक बल्लेबाज के रूप में उन्होंने कई कमाल किए और फिर कोच के रूप में भी वो सुपरहिट रहे हैं। टीम इंडिया का कोच पद छोड़ने के बाद द्रविड़ इन दिनों अपने घर-परिवार के साथ क्वालिटी समय बिता रहे हैं।

एक सफल क्रिकेट करियर के बाद द्रविड़ की कोचिंग में भारतीय टीम ने 2024 में टी20 विश्व कप जीता था। इसके बाद द्रविड़ ने अपना पद छोड़ दिया था। उनकी कोचिंग में टीम इंडिया विश्व टेस्ट चैंपियनशिप और वनडे विश्व कप का फाइनल भी खेल चुकी है। वह अपने समय के बेहतरीन बल्लेबाजों में रहे हैं। टेस्ट और वनडे दोनों फॉर्मेट में उनका रिकॉर्ड शानदार रहा है। खासकर टेस्ट क्रिकेट में द्रविड़ के कई ऐसे रिकॉर्ड हैं जिन्हें तोड़ना मुश्किल है।

## द्रविड़ का शुरूआती जीवन

राहुल द्रविड़ का जन्म 11 जनवरी, 1973 को इंदौर में हुआ था। इनका पूरा नाम राहुल शरद द्रविड़ है। जन्म के बाद ही उनका परिवार कर्नाटक चला गया। द्रविड़ ने 12 साल की उम्र से ही क्रिकेट खेलना शुरू कर दिया था। उन्होंने अंडर-15, अंडर-17 और अंडर-19 के लिए कर्नाटक का प्रतिनिधित्व किया। बचपन में ही पूर्व क्रिकेटर केकी तारापोर ने इन्हें क्रिकेट की बारीकियां सिखाईं।

द्रविड़ ने फरवरी 1991 में रणजी ट्रॉफी में खेलकर क्रिकेट में पदार्पण किया। उन्होंने अपने पहले मैच में 82 रन की जबर्दस्त पारी खेली। द्रविड़ को अंतरराष्ट्रीय एक दिवसीय मैच में खेलने का मौका श्रीलंका के खिलाफ अप्रैल 1996 में मिला जबकि टेस्ट में उन्होंने अपना पहला मैच जून 1996 में इंग्लैंड के खिलाफ खेला। टेस्ट क्रिकेट में द्रविड़ के कई ऐसे रिकॉर्ड हैं जिन्हें तोड़ना मुश्किल है।

### लंबे समय तक भारतीय बल्लेबाजी की रीढ़ रहे द्रविड़ की प्रमुख उपलब्धियां

- कुल 24,208 अंतरराष्ट्रीय रन।
- 48 अंतरराष्ट्रीय शतक।
- 5 दोहरे शतक।
- 146 अंतरराष्ट्रीय अर्धशतकीय पारियां।
- 2024 टी20 विश्व कप के विजेता हेड कोच।
- 2013 में पद्म भूषण से सम्मानित।
- 2004 में आईसीसी क्रिकेटर ऑफ द ईयर।
- 2018 में आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल।

**सबसे ज्यादा गेंदों का सामना करने का रिकॉर्ड**

अपने पूरे करियर में द्रविड़ गेंदबाजों के लिए एक बुरे सपने की तरह रहे। टेस्ट क्रिकेट में उन्होंने कुल 31,258 गेंदों का सामना किया, जो कि एक अद्भुत विश्व रिकॉर्ड है। यह समझने के लिए कि यह कितना बड़ा आंकड़ा है, आपको बस ये जानना होगा कि 31 हजार गेंदों का मतलब 5210 ओवर से ज्यादा बल्लेबाजी करना! आधुनिक क्रिकेट में कम होती टेस्ट बैटिंग और बदलते एप्रोच के चलते इस रिकॉर्ड को टूटते देखना बहुत मुश्किल लगता है।

राहुल द्रविड़ को बल्लेबाजी एक ध्यान की तरह पसंद थी। वह विकेट संभालकर टीम को मजबूत करना जानते थे। यही कारण है कि टेस्ट इतिहास में क्रीज पर सबसे ज्यादा मिनट बिताने का विश्व रिकॉर्ड भी उनके नाम है- कुल 44,152 मिनट! यह आंकड़ा सर्वकालिक महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर से भी ज्यादा है। लंबे मैच, मुश्किल परिस्थितियां, तेज गेंदबाज, द्रविड़ सबके सामने खड़े रहे और 'द वॉल' की छवि कमाई।

द्रविड़ केवल खुद रन नहीं बनाते थे, बल्कि अपने साथी बल्लेबाजों को भी बेहतर खेलते थे। साझेदारी बनाना उनकी सबसे बड़ी कला थी। उनके नाम टेस्ट इतिहास में 100 या उससे अधिक रनों की सबसे ज्यादा साझेदारियां- 71। इस सूची में दूसरे नंबर पर सचिन तेंदुलकर हैं, जिन्होंने 66 ऐसी साझेदारियां कीं। यह दिखाता है कि द्रविड़ टीम गेम में कितना महत्वपूर्ण रोल निभाते थे। टेस्ट में द्रविड़ और सचिन के नाम सबसे ज्यादा बार 100+ रन की साझेदारी करने का रिकॉर्ड है। इन दोनों ने 20 बार शतक या उससे ज्यादा रन की साझेदारी की। इस रिकॉर्ड के आसपास फिलाहल कोई नहीं है। राहुल द्रविड़ को लंबी साझेदारी करना बेहद पसंद था। वह केवल 100 या 150 रन पर नहीं रुकते थे। टेस्ट क्रिकेट में वह भारत के लिए सबसे ज्यादा बार 300+ रन की साझेदारी करने वाले बल्लेबाज हैं। साथ ही वह दुनिया के सबसे ज्यादा 100+ रन की साझेदारी करने वाले बल्लेबाज भी हैं। 300+ रन की साझेदारी उन्होंने कुल तीन बार की है। ऐसे स्कोर विपक्षी को मैच से बाहर कर देते हैं, और यही द्रविड़ की बल्लेबाजी की खूबसूरती थी।

# भारतीय फुटबॉल संकट में, लेकिन दिल्ली में शुरू हुआ फीफा वर्ल्ड कप ट्रॉफी टूर



**नई दिल्ली।** भारतीय फुटबॉल गहरे संकट में है। आर्थिक दिक्कतें, सैलरी कटौती, लीग का अनिश्चित भविष्य और गिरती फीफा रैंकिंग, इन सभी ने परेशानी में डाल रखा है। इसी बीच दिल्ली में फीफा वर्ल्ड कप ट्रॉफी टूर की शुरूआत हुई, जिसे कई फैंस ने गलत समय का उत्सव बताया। ट्रॉफी टूर ने भारतीय फुटबॉल की वास्तविकता और प्रदर्शनकारी शो में बड़ा अंतर दिखा दिया।

भारतीय फुटबॉल इन दिनों अपने सबसे मुश्किल दौर से गुजर रहा है। प्रशासनिक अव्यवस्था, आर्थिक संकट और लीग के भविष्य पर सवालों के बीच रविवार को दिल्ली में फीफा वर्ल्ड कप ट्रॉफी टूर की शुरूआत हुई। इस आयोजन ने सोशल मीडिया और फुटबॉल प्रशंसकों का ध्यान इसलिए खींचा क्योंकि समय और परिस्थितियां बेहद असहज थीं।

**दिल्ली में शुरू हुआ फीफा वर्ल्ड कप ट्रॉफी टूरः** करीब छह महीने बाद होने वाले 2026 फीफा वर्ल्ड कप से पहले असली ट्रॉफी तीन दिन के भारत दौरे पर पहुंची। ट्रॉफी का अनावरण दिल्ली में हुआ, जहाँ केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया, AIFF अध्यक्ष कल्याण चौबे और ब्राजील के विश्व कप विजेता गिल्बर्टो सिल्वा मौजूद थे। ट्रॉफी इससे पहले लगभग 12 साल पहले भारत आई थी, लेकिन इस बार का माहौल जश्न से ज्यादा आलोचना से घिरा दिखा।

**फैंस का सवालः जब खेल संकट में है तो जश्न क्यों**

सोशल मीडिया पर कई प्रशंसकों ने ट्रॉफी टूर को 'ऑप्टिक्स' का खेल बताया। लोगों ने तंज कसा कि जब घरेलू फुटबॉल मुश्किल से ज़िंदा है, तब दुनिया की सबसे प्रतिष्ठित ट्रॉफी का स्वागत करना 'वास्तविकता और शो' के बीच की दूरी दिखाता है।




# स्वर्गीय दौलतराम शर्मा के निधन पर किया गया शोक व्यक्त और दी गयी श्रद्धांजलि





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** दौलतराम शर्मा का निधन 4 जनवरी को हो गया था। 11 जनवरी रविवार को उनकी श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गयी। बीआर फार्म हाउस में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में पहुंचे समाज के गणमान्य लोगों ने स्वर्गीय दौलतराम शर्मा के निधन पर शोक व्यक्त किया और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। शोक सभा में पहुंचे गणमान्य लोगों ने शोकाकुल परिवार के विनोद कुमार शर्मा, अरूण कुमार शर्मा, भीम शर्मा, गोविन्दा शर्मा, राहुल शर्मा, रोहित शर्मा, ललित शर्मा, मोहित शर्मा, कृष्णा शर्मा, हर्ष शर्मा, यश शर्मा, कुंज शर्मा, निष्कर्ष शर्मा, प्रत्येक शर्मा को शोक सांत्वना दी और दौलतराम शर्मा के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में आम आदमी पार्टी का प्रदेशव्यापी प्रदर्शन, राष्ट्रपति के नाम भेजा ज्ञापन

**घंटाघर पर जुटे आप नेता**




**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर हो रहे कथित अत्याचार, मंदिरों पर हमले और पलायन जैसे हालात को लेकर आम आदमी पार्टी ने रविवार को उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान पार्टी ने केंद्र सरकार से मांग की कि वह कूटनीतिक स्तर पर हस्तक्षेप करते हुए हिंदू अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित कराए। प्रदर्शन के बाद राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन भी जिलाधिकारी अधिकारियों के माध्यम से सौंपा गया।

प्रदर्शनकारियों का कहना था कि बांग्लादेश के कई इलाकों में हिंदू समुदाय पर निशाना साधे जाने की घटनाएं सामने आई हैं, लेकिन भारत सरकार की ओर से अब तक कोई स्पष्ट प्रतिक्रिया नहीं दी गई।

पार्टी नेताओं ने कहा कि भारत को पड़ोसी देशों में किसी भी समुदाय पर हो रहे कथित उत्पीड़न पर संवेदनशील और सक्रिय रहना चाहिए।

ज्ञापन में आम आदमी पार्टी ने मांग की कि स्थिति सामान्य होने तक भारत-बांग्लादेश के बीच कुछ व्यापारिक व्यवस्थाओं पर पुनर्विचार किया जाए, जिसमें बिजली और डीजल आपूर्ति का मुद्दा भी शामिल है। पार्टी का कहना है कि यह कदम दबाव बनाने का साधन भी हो सकता है और मानवाधिकारों की सुरक्षा के दृष्टिकोण से भी आवश्यक है। साथ ही यह भी कहा गया कि हिंदू अल्पसंख्यकों की सुरक्षा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उठाए जाने वाले मुद्दों में शामिल होनी चाहिए।

प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने शांतिपूर्ण ढंग से नारेबाजी की और राष्ट्रपति को भेजे गए ज्ञापन में बांग्लादेश में हालात की उच्चस्तरीय जांच कराने, पीड़ितों को सुरक्षा देने और भारत की ओर से कूटनीतिक पहल बढ़ाने की मांग रखी।

पार्टी नेताओं ने कहा कि यदि केंद्र सरकार समय रहते पहल करती है तो क्षेत्रीय तनाव कम हो सकता है और प्रभावित लोगों को राहत मिल सकती है।

इस मौके पर प्रमुख रूप से तरूणिमा श्रीवास्तव, स्वतंत यादव, शिल्पी सचान, शैलेश कुमार, स्वतंत्र यादव, मुकेश प्रजापति, मनोज प्रकाश त्यागी, वसी अहमद, कुशल गोयत, सिराजुद्दीन फारूकी, डॉ. आदित्य, रवीश सिसोदिया, प्रशांत गुप्ता, एस.पी. सिसोदिया, रवि त्रिपाठी, सोढ़ी सिंह, बृज बहादुर, श्यामसुंदर त्यागी, लोकेश प्रजापति, वीरेंद्र दत्त, कृष्ण झा, सचिन गोयल, गौरव शर्मा, अनुज शर्मा और विकास बरोलिया मौजूद रहे।

# बीएलओ द्वारा ड्राफ्ट मतदाता सूची का सत्यापन जारी, पोलिंग बूथ पर तैनात रहे बीएलओ




**मोदीनगर, करंट क्राइम।** मोदीनगर में मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने के उद्देश्य से वर्तमान में ड्राफ्ट मतदाता सूची का विशेष सत्यापन अभियान चलाया जा रहा है।

इस अभियान के तहत पोलिंग बूथों पर ड्राफ्ट मतदाता सूची के साथ बीएलओ मौजूद रहे।

मतदाताओं ने अपने पोलिंग बूथ पर पहुंचकर ड्राफ्ट मतदाता सूची में अपना नाम देखा और संशोधन के लिए फार्म 8 व नए वोट के लिए फार्म 6 भरकर जमा कराए। उपजिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि वोटर आईडी कार्ड के साथ मोबाइल नंबर जोड़ना अब बेहद आसान है। इसे घर बैठे कुछ ही मिनटों में पूरा कर सकते हैं। फार्म छह भरते समय मोबाइल नंबर दर्ज करने पर, मतदाता सूची में नाम जुड़ते ही लगभग 10 से 15 दिनों में डिजिटल वोटर आईडी डाउनलोड की जा सकती है, जबकि प्रिंटेड कार्ड डाक से आने में समय लग सकता है। डिजीटल वोटर कार्ड को जब चाहें, जितनी बार चाहें घर बैठे डाउनलोड किया जा सकता है। वोटर लिस्ट एवं वोटर आईडी में किसी भी प्रकार की त्रुटि को आनलाइन फार्म 8 के माध्यम से घर बैठे ठीक किया जा सकता है।

# एसआरएमआईएसटी में पोंगल पर्व धूमधाम से मनाया

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** एसआरएमआईएसटी परिसर में पोंगल उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें तमिलनाडु की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत व प्रकृति और कृषि के प्रति कृतज्ञता की भावना को दर्शाया गया।



इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पीके मलिक निदेशक, लोक सभा सचिवालय, भारत की संसद, नई दिल्ली व विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ0 राहुल सचदेवा, निदेशक एसएपी यूनिवर्सिटी अलायंसेज, इंडिया सबकॉन्टिनेंट, गुरुग्राम, हरियाणा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रार्थना, दीप प्रज्ज्वलन व सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इसके बाद संस्थान के वरिष्ठ शिक्षाविदों द्वारा विषयगत उद्बोधन दिए गए, जिनमें डॉ0 आरपी महापात्रा, डीन डॉ0 एस विश्वनाथन, निदेशक तथा डॉ0 धौम्या भट्ट, डीन आईक्यूएसी शामिल रहे। इन वक्तव्यों में परंपरा, समृद्धि, कृतज्ञता और नवाचार के मूल्यों पर प्रकाश डाला गया। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि ने भी अपने संबोधन में सांस्कृतिक एकता, लोकतांत्रिक मूल्यों तथा परंपरा और आधुनिक शिक्षा के समन्वय पर बल दिया। कार्यक्रम के दौरान पारंपरिक पोंगल अनुष्ठानों एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आयोजन किया गया, जिसने भारत की सांस्कृतिक विविधता को प्रदर्शित किया और विद्यार्थियों, शिक्षकों तथा कर्मचारियों के बीच आपसी सौहार्द और एकता को सुदृढ़ किया।

# जाट समाज कार्यालय आरडीसी राजनगर में सम्पन्न हुई धन्यवाद एवं आभार बैठक



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पारिवारिक मिलन जाट समाज के नेतृत्व में आयोजित 12वें जाट समाज युवक-युवती परिचय सम्मेलन के सफल, भव्य एवं अनुशासित आयोजन के उपरांत जाट समाज कार्यालय, आरडीसी राजनगर में धन्यवाद एवं आभार बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक समाज के अध्यक्ष अरुण चौधरी 'भुल्लन' के आह्वान पर सम्पन्न हुई।

बैठक में संस्था के निवर्तमान अध्यक्ष राजकुमार चौधरी द्वारा सम्मेलन के सफल आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले पदाधिकारियों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर महामंत्री धर्मेंद्र चौधरी, कोषाध्यक्ष अरविंद बालियान, उपाध्यक्ष रविंद्र चौधरी, मीडिया प्रभारी एवं सचिव प्रदीप चौधरी, सचिव योगेंद्र चौधरी तथा सचिव सनी चौधरी को सम्मानित किया गया।

बैठक की अध्यक्षता समाज के संरक्षक चौधरी तेजपाल सिंह ने की। वक्ताओं ने अध्यक्ष अरुण चौधरी ह्यभुल्लनह्ण के नेतृत्व में आयोजित युवक-युवती परिचय सम्मेलन को अत्यंत सफल, सुव्यवस्थित एवं समाजहित में उपयोगी बताते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। अध्यक्षीय उद्बोधन में चौधरी तेजपाल सिंह ने कहा कि यह सम्मेलन सामाजिक एकता, पारिवारिक मूल्यों और परंपराओं को सुदृढ़ करने वाला आयोजन है। अपने संबोधन में अध्यक्ष अरुण चौधरी 'भुल्लन' ने सम्मेलन की सफलता का श्रेय समस्त समाजबंधुओं, पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं सहयोगियों को देते हुए भविष्य में भी समाजहित में ऐसे आयोजनों को निरंतर जारी रखने की बात कही।

इस अवसर पर चौधरी लेखराज सिंह ने सम्मेलन को सामाजिक समरसता और संस्कारों को आगे बढ़ाने वाली पहल बताया, वहीं चौधरी प्रताप सिंह ने इसे समाज की संगठन क्षमता का परिचायक कहा। बैठक में पर्दे के पीछे रहकर विशेष योगदान देने वाले राहुल कुमार एवं वंश त्यागी को भी सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर चौधरी लेखराज सिंह, चौधरी जगबीर सिंह, चौधरी प्रताप सिंह, चौधरी आर. तेवतिया, सुखपाल सिंह खोखर, जसपाल सिंह बालियान, लोकेश चौधरी, आकाश चौधरी, संजय सिरोही, दीपक चौधरी, विजेंद्र सिंह, विकास चौधरी, रोबिन सिंह, हंसवीर सिंह, हिमांशु चौधरी, उस चौधरी, कृष्णवीर चौधरी, श्याम सिंह, राजवीर सिंह, मनोज बालियान, देवेंद्र सिंह, सत्येंद्र चौधरी, योगीराज सिंह, डॉ. करुणा चौधरी, डॉ. मीना चौधरी सहित पदाधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में समाज के सदस्य उपस्थित रहे।

# बैंकॉक में गाजियाबाद का जलवा
## सुधीर कुमार ने जैवलिन थ्रो में जीता गोल्ड मेडल



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** बैंकॉक में आयोजित '6वीं थाईलैंड ओपन मास्टर गेम्स 2026' इंटरनेशनल चैंपियनशिप में भारत का परचम लहराया है। गाजियाबाद के फफराना गांव के रहने वाले सुधीर कुमार ने जैवलिन थ्रो (भाला फेंक) स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीतकर देश और जनपद का नाम रोशन किया है।

कड़े मुकाबले में मिली जीत : डिस्ट्रिक्ट मास्टर एथलीट एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष अजय प्रमुख ने सुधीर की उपलब्धि की जानकारी साझा करते हुए बताया कि इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। सुधीर कुमार ने अपनी प्रतिभा के दम पर प्रथम स्थान हासिल किया। इस स्पर्धा में ईरान के खिलाड़ी दूसरे स्थान (रजत पदक) पर और मलेशिया के खिलाड़ी तीसरे स्थान (कांस्य पदक) पर रहे।




जिले में खुशी की लहर : सुधीर कुमार की इस ऐतिहासिक जीत पर गाजियाबाद के खेल प्रेमियों और उनके पैतृक गांव फफराना में जश्न का माहौल है। अजय प्रमुख ने कहा कि मास्टर गेम्स में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतना सुधीर के कड़े परिश्रम और समर्पण का परिणाम है। उनकी इस उपलब्धि से अन्य एथलीटों को भी प्रेरणा मिलेगी।




# क्या कमिश्नरेट से जाएंगे कई और थ्री-स्टार

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में थ्री-स्टारों की कमी नही है। कोई अपने काम से पहचान रखता है, तो किसी के किस्से आज भी जमकर याद किए जाते हैं। अब पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में चर्चा सुनाई दे रही है कि जल्द पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम से कई थ्री-स्टार विदाई लेने वाले हैं। सूत्रों के द्वारा बताया जा रहा है कि उनकी यहां ना तो थानों में पोस्टिंग हो रही है और ना ही वह सही जगह पहुंच पा रहे हैं। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सूत्रों से जानकारी मिली है कि बीते दिनों एक ऐसे थ्री-स्टार कमिश्नरेट को टाटा-बाय-बाय कर गए हैं, जिन्होंने न सिर्फ कमिश्नरेट वाले सिस्टम के एक सबसे बेस्ट थाने का चार्ज संभाला बल्कि वह ऐसा काम कर गए थे, जिससे पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम के कई अधिकारी सकते में आ गए थे। अब बताया जा रहा है कि उन्होंने फिलहाल कमिश्नरेट के बराबर वाले जिले के लिए प्रस्थान कर लिया है लेकिन उनके जाने के बाद फिर चर्चा सुनाई दे रही है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में अभी कई और थ्री-स्टार हैं जो कमिश्नरेट वाले सिस्टम से तौबा करने वाले हैं। बताया जा रहा है कई देहात के थानों में कमान संभाल चुके हैं। तो वहीं कई ऐसे हैं जिनकी अभी तक ना तो कहीं अच्छी जगह पोस्टिंग हो पाई है और ना ही वह अपना इंतजाम कर पाए हैं। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में चर्चा इस बात की हो रही है कि देखना होगा कि आने वाले दिनों में कौन-कौन थ्री-स्टार पुलिस कमिश्नरेट से बाहर जाने के लिए अपनी सिफारिश और जुगाड़ तंत्र का इस्तेमाल करके यहां से रफू चक्कर होता है। अब बताया जा रहा है कि कई टू-स्टार भी अब इस ओर कदम बढ़ाने वाले हैं क्योंकि उनको मन मुताबिक जोन नहीं मिल पा रहा है। इन सबके बीच अभी कमिश्नरेट वाले सिस्टम में दो जोन मे तो जुगाड़ लगाने वाले भी फेल बताए जा रहे हैं। तो देखना होगा कि अन्य का भी मामला सेट नहीं हो पा रहा है। इन सबके बीच पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम की पुलिस लाइन के दोनों की गेट बनकर तैयार हो चुके हैं और अब 26 जनवरी वाले कार्यक्रम को लेकर इसे और भी सजाना और सुरक्षा से लैस करने का काम होने वाला है। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अधिकारियों के फैसलों की भी चर्चा पुलिस के बीच जमकर हो रही है।



# दिल्ली-यूपी सीमा पर यमुना तट पर अवैध खनन का भंडाफोड़
## प्रशासन की संयुक्त टीम ने रात में की कार्रवाई





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** दिल्ली-उत्तर प्रदेश सीमा पर यमुना नदी के तट स्थित हरमपुर-जगतपुर क्षेत्र में मशीनों से अवैध खनन और परिवहन की शिकायतों के बाद प्रशासन ने सख्त कदम उठाए हैं। जिलाधिकारी कार्यालय (खनन अनुभाग), गाजियाबाद को इस संबंध में लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही थीं। इन शिकायतों के आधार पर 10 जनवरी की रात करीब 10 बजे राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण एनजीटी के आदेशों के तहत गठित संयुक्त अंतरराज्यीय कार्यबल ने औचक निरीक्षण किया। टीम में खान अधिकारी गाजियाबाद एवं अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) शामिल रहे, जबकि पुलिस बल ने कार्रवाई में सहयोग दिया। निरीक्षण में पाया गया कि नदी के तट पर दिल्ली की ओर जेसीबी मशीनों से खनन और रेत का परिवहन किया जा रहा था। स्थानीय ग्रामीणों ने टीम को बताया कि इस खनन को गाजियाबाद के ग्राम पचेरा में जारी खनन परमिट की आड़ में अंजाम दिया जा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार परिवहन हेतु बुराड़ी थाना क्षेत्र से एक वैकल्पिक मार्ग भी तैयार किया गया है। जांच में सामने आया कि दिल्ली क्षेत्र में खनन एवं परिवहन हेतु कोई अधिकृत परमिट जारी नहीं किया गया है। इसके अलावा स्थल पर पाया गया खनन पचेरा गांव से लगभग 7 किलोमीटर दूर था, जिससे प्रथम दृष्टया गतिविधि को पूरी तरह अवैध माना गया।

अवैध खनन को तत्काल रोकने के लिए दिल्ली प्रशासन से संपर्क स्थापित किया गया। कार्रवाई के तहत खनन में लगी 3 जेसीबी मशीनों को चौकी बुराड़ी के सुपुर्द किया गया और कार्य को रुकवा दिया गया। मौके पर चौकी इंचार्ज बुराड़ी मौजूद रहे। दिल्ली प्रशासन की ओर से भी जांच शुरू कर दी गई है और अग्रिम कार्रवाई की प्रक्रिया जारी है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि दिल्ली-यूपी सीमा पर किसी भी प्रकार का अवैध खनन नहीं होने दिया जाएगा और संयुक्त टास्क फोर्स क्षेत्र में लगातार निगरानी और अभियान जारी रखेगी।

# इंदिरापुरम में गड्ढे में धंसा पहिया, ट्रक पलटा; दो घायल



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** थाना इंदिरापुरम क्षेत्र के ज्ञान खंड-1 में एक ट्रक पलटने की घटना में दो लोग घायल हो गए। घायलों की पहचान राहुल (21 वर्ष) और सुमना (16 वर्ष) के रूप में हुई है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रक के नीचे दबे लोगों को स्थानीय लोगों की मदद से ईंटें हटाकर बाहर निकाला गया। सूचना मिलने पर अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल प्रशासन के मुताबिक दोनों की हालत स्थिर है, जिसमें से एक को मामूली चोटें आई हैं। मौके पर मिली जानकारी के अनुसार, जिस स्थान पर ट्रक पलटा, वहां पहले से गड्ढा था और उसमें मिट्टी भरी हुई थी। अचानक ट्रक का पहिया इस गड्ढे में धंस गया, जिससे ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे के समय सड़क किनारे धूप सेक रहे पांच लोगों में से तीन किसी तरह भागकर बच गए, जबकि दो लोग ट्रक की चपेट में आकर घायल हो गए। इंदिरापुरम पुलिस ने बुलडोजर और क्रेन की मदद से ट्रक को सीधा कर यातायात सुचारु कराया। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है और हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

# पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति
करंट क्राइम




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गौरव शर्मा एक ऐसे युवा हैं जो संस्कारों का संदेश अन्य युवाओं को दे रहे हैं। उनकी धर्मपत्नी रितु शर्मा भी पीएचडी हैं मगर संस्कारों का एक समावेश उनमें भी है। परिवार क्या होता है और संस्कार क्या होते हैं इसकी एक मिसाल इस जोड़ी ने दी है। गौरव शर्मा ने अपनी पत्नी का जन्मदिन मां वैष्णों देवी मंदिर में मनाया। सबसे बड़ी बात ये थी कि गौरव शर्मा और उनकी पत्नी रितु शर्मा ने अपने जन्मदिन की खुशी को अपने परिवार के साथ साझा किया। वैष्णो देवी मंदिर में पूरा परिवार साथ रहा। ये सनातन संस्कृति और पारिवारिक मूल्यों की पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# वेनेजुएला के बाद क्या ग्रीनलैंड और ईरान पर कब्जा करेंगे ट्रंप? अमेरिकी सेना कर रही तैयारी

**वेनेजुएला के बाद डोनाल्ड ट्रंप की ग्रीनलैंड और ईरान को लेकर भी बड़ी रणनीति सामने आई है। ट्रंप के आदेश के बाद अमेरिकी सेना दोनों देशों में सैन्य कार्रवाई करने की रणनीति बना रही है। हालांकि मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार ग्रीनलैंड को लेकर सेना के अधिकारियों के कुछ टकराव सामने आए हैं, जबकि ईरान को लेकर सेना ने अपनी योजना ट्रंप को विस्तार से बता दी है।**



**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आदेश के बाद अमेरिकी सेना ने वेनेजुएला में घुसकर बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। इस अमेरिकी ऑपरेशन ने पूरी दुनिया में भूचाल ला दिया। 3 जनवरी को 'ऑपरेशन एब्सोल्यूट रिजॉल्व' के तहत सेना वेनेजुएला की जमीन पर उतरी और राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी को गिरफ्तार कर अमेरिका ले गई। इस ऑपरेशन से पूरी दुनिया में तहलका मच गया। ऐसे में अब खबरों की मानें तो डोनाल्ड ट्रंप ग्रीनलैंड और ईरान पर भी सैन्य कार्रवाई की तैयारी कर रहे हैं।

ऐसा इसलिए कि डेली मेल की एक रिपोर्ट के अनुसार अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार (11 जनवरी) को वरिष्ठ विशेष बलों के कमांडरों को 'ग्रीनलैंड पर संभावित आक्रमण के लिए आकस्मिक योजनाएं' तैयार करना शुरू करने का निर्देश दिया है। इसके अलावा न्यूयॉर्क टाइम्स की एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि ट्रंप को हाल के दिनों में ईरान को निशाना बनाने वाले कई सैन्य विकल्पों के बारे में जानकारी दी गई है।

**ग्रीनलैंड पर सैन्य योजना की तैयारी**

डेली मेल की रिपोर्ट के मुताबिक ट्रंप के निर्देश पर हालांकि शीर्ष सैन्य अधिकारियों की ओर से विरोध किया जा रहा है, जो इसकी वैधता और राजनीतिक व्यवहार्यता दोनों पर सवाल उठा रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार ट्रंप ने संयुक्त विशेष अभियान कमान (जेएसओसी) को आक्रमण योजना तैयार करने का निर्देश दिया है।

लेकिन बताया जा रहा है कि इस प्रस्ताव का ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ विरोध कर रहा है, जो तर्क देते हैं कि ऐसा कोई भी अभियान गैरकानूनी होगा और उसे कांग्रेस का समर्थन प्राप्त नहीं होगा। जनरलों के मुताबिक ग्रीनलैंड योजना बेतुकी और गैरकानूनी है। बताया गया है कि इस तरह की कार्रवाई से ट्रंप यूरोपीय नेताओं के साथ सीधे टकराव के रास्ते पर आ जाएंगे और इससे उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के भीतर एक गहरा संकट पैदा हो सकता है, जिससे गठबंधन टूटने के कगार पर पहुंच सकता है।

**ईरान में सैन्य विकल्पों के बारे में दी जानकारी:** इधर, न्यूयॉर्क टाइम्स की एक रिपोर्ट के अनुसार अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को हाल के दिनों में ईरान को निशाना बनाने वाले कई सैन्य विकल्पों के बारे में जानकारी दी गई है। रिपोर्ट के अनुसार ट्रंप को दिए गए विकल्पों में तेहरान में चुनिंदा ठिकानों पर लक्षित हमले शामिल हैं, जिनमें शासन के आंतरिक सुरक्षा तंत्र से जुड़े गैर-सैन्य बुनियादी ढांचे भी शामिल हैं। बताया जा रहा है कि ये ब्रीफिंग आकस्मिक योजना का हिस्सा हैं, क्योंकि प्रशासन ईरानी अधिकारियों द्वारा आगे की हिंसा को रोकने के लिए राजनयिक, आर्थिक और सैन्य उपायों का मूल्यांकन कर रहा है।

**ईरान की आजादी को तैयार: ट्रंप:** ईरान में जारी सरकार विरोधी प्रदर्शनों के बीच ट्रंप ने रविवार को कहा कि अमेरिका, ईरान को मौजूदा सरकार से आजादी दिलाने में मदद करने के लिए तैयार है। यह सरकार ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के नेतृत्व में चल रही है। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा कि ईरान शायद पहले से कहीं ज्यादा आजादी के करीब है। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका हर संभव मदद देने को तैयार है।

## दो हफ्ते बाद भी नहीं थमी बगावत, खामेनेई की चेतावनी के बावजूद विरोध जारी

**तेहरान।** ईरान में सरकार विरोधी प्रदर्शन के दो हफ्ते हो चुके हैं। अब तक 70 से ज्यादा मौतें और हजारों गिरफ्तारियां हो चुकी हैं। ऐसे में जानेंगे कि आखिर इंटरनेट बंद और खामेनेई की चेतावनियों के बावजूद लोग सड़कों पर क्यों हैं।



ईरान में सरकार विरोधी प्रदर्शन अब दो हफ्तों के करीब पहुंच चुके हैं और हालात लगातार सख्त होते जा रहे हैं। इंटरनेट और फोन सेवाएं बंद हैं, सुरक्षा बलों की कार्रवाई तेज है और सरकार ने खुले तौर पर कड़ा संदेश दे दिया है। इसके बावजूद राजधानी तेहरान समेत कई शहरों में लोग सड़कों पर उतर रहे हैं। बढ़ती मौतों और गिरफ्तारियों के बीच सवाल यह है कि क्या यह आंदोलन दबेगा या और उग्र होगा।

ईरान में यह विरोध दिसंबर के अंत में शुरू हुआ। शुरूआत आर्थिक संकट से हुई, लेकिन अब यह सीधे सत्ता को चुनौती दे रहा है। ईरानी रियाल की कीमत ऐतिहासिक गिरावट के साथ एक डॉलर के मुकाबले 14 लाख तक पहुंच गई। महंगाई, बेरोजगारी और प्रतिबंधों से त्रस्त लोग सड़कों पर उतरे। धीरे-धीरे नारों का रुख आर्थिक मांगों से हटकर राजनीतिक बदलाव की ओर हो गया। सरकार मान रही है कि प्रदर्शन जारी हैं, लेकिन उसे विदेशी साजिश बताकर कार्रवाई को सही ठहरा रही है।

**सरकार का सख्त संदेश क्या है:** ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई के संकेतों के बाद सरकार ने खुली चेतावनी दी है। अटॉर्नी जनरल मोहम्मद मोवाहेदी आजाद ने प्रदर्शनकारियों को खुदा का दुश्मन बताया। इस आरोप में मौत की सजा तक का प्रावधान है। सरकारी टीवी पर कहा गया कि कोई नरमी नहीं बरती जाएगी। अभियोजकों को तेजी से आरोप पत्र दाखिल करने के आदेश दिए गए हैं।

## 'हमला किया तो इस्राइल के साथ अमेरिकी सेना बनेगी निशाना', ट्रंप की धमकी पर भड़का ईरान



**दुबई।** ईरान में जारी सरकार विरोधी प्रदर्शनों के बीच ट्रंप ने कहा कि अमेरिका, ईरान को मौजूदा सरकार से आजादी दिलाने में मदद करने के लिए तैयार है। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा कि ईरान शायद पहले से कहीं ज्यादा आजादी के करीब है। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका हर संभव मदद देने को तैयार है।

ईरान की संसद के अध्यक्ष ने रविवार को चेतावनी दी कि अगर अमेरिका राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की धमकी पर इस्लामिक गणराज्य पर हमला करता है, तो अमेरिकी सेना और इस्राइल पर वैध निशाना होंगे। मोहम्मद बगेर कालिबाफ की टिप्पणियों से संकेत मिलता है कि उन्होंने ईरान पर हमले के बाद संभावित निशानों की सूची में इस्राइल को भी शामिल किया है।

कट्टरपंथी नेता कालिबाफ ने यह धमकी तब दी जब ईरानी संसद में सांसद 'अमेरिका मुदार्बाद' के नारे लगाते हुए मंच पर चढ़ गए। गौरतलब है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के लिए अपनी योजना के बारे में एक बड़ा संकेत दिया है। अमेरिकी सेना ने रविवार को उन्हें ईरान पर हमले के संभावित विकल्पों के बारे में जानकारी दी।

**अमेरिकी हमले की आशंका से हाई अलर्ट पर इस्राइल**

रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक ईरान पर अमेरिका के संभावित हमले की आशंका के मद्देनजर इस्राइल हाई अलर्ट पर है। रिपोर्ट में हफ्ते के आखिरी में इस्राइली सुरक्षा बैठकों में भाग लेने वाले तीन लोगों का हवाला दिया गया है। दावा किया गया है कि इस्राइलल ईरान में अमेरिका की ओर से संभावित कार्रवाई की तैयारी कर रहा है।

**रुबियो और नेतन्याहू के बीच एक दिन पहले क्या हुई बातचीत?**

एक सूत्र ने समाचार एजेंसी को बताया कि शनिवार को फोन पर हुई बातचीत के दौरान इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने ईरान में अमेरिकी हस्तक्षेप की संभावना के बारे में बात की।

## डोनाल्ड ट्रंप की नाक कौन पकड़ेगा? ईरान में खामेनेई के क्लीन बोल्ड होते ही क्या ट्रंप मार लेंगे बड़ी बाजी




**वेनेजुएला।** वेनेजुएला के राष्ट्रपति मादुरो के बहाने ट्रंप को दुनियाभर के नेताओं पर दबाव बनाने का एक जरिया मिल गया है। ट्रंप का अगला रुख तय करेगा कि दुनिया बहुध्रुवीय बनेगी या अमेरिका की ह्यमोनोपोलीह्न चलेगी।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तरफ से अगली सुबह कौन सी चौंकाने वाली खबर आएगी? यह किसी को नहीं पता। ईरान में हिंसक प्रदर्शन लगातार खतरनाक मोड़ पर पहुंच रहा है। उसके सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई ने आईआरजीसी को आगे करके खुद को भूमिगत कर लिया है। खामेनेई के ह्यक्लीन बोल्डह्न होते ही मध्य एशिया में अमेरिका का सपना साकार हो सकता है। ऐसे में एक बड़ा सवाल है कि फिर अमेरिका की नाक कौन पकड़ेगा?

अमेरिका और इस्राइल ने मिलकर जिस तरह से मध्य एशिया में पैंतरेबाजी की है, उससे रूस और चीन के बहुध्रुवीय दुनिया के सपने को बड़ा झटका लगा है। सीरिया में बशर अल असद की सरकार के हाथ से सत्ता जाना इसमें बड़ा झटका था। अब अमेरिका के इस अभियान में ईरान एक बड़ा पड़ाव है। भारतीय विदेश मंत्रालय की भी इस घटनाक्रम पर बारीकी से नजर है।

एक पूर्व विदेश सचिव का कहना है कि दुनिया में उथल-पुथल का दौर नई करवट ले रहा है। अभी अस्थिरता का जोखिम कम नहीं हुआ है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप लगातार 'अनप्रिडेक्टेबल' बने हुए हैं। वह घरेलू राजनीति में घिरते जा रहे हैं। इसके साथ-साथ वैश्विक राजनीति में तेजी से अस्थिरता बढ़ाने के लिए भी जिम्मेदार हैं। सूत्र का कहना है कि 2026 अमेरिका के राष्ट्रपति के लिए बहुत अहम है।

**मादुरो की गिरफ्तारी से समझिए**

अमेरिका के विशेष सैन्य दस्ते ने वेनेजुएला के राष्ट्रपति मादुरो को गिरफ्तार कर लिया। पूर्व विदेश सचिव का कहना है कि यह जिस तरीके से और जैसे हुआ है, अपने आप में एक रिकॉर्ड है। इसके बाद वेनेजुएला से जाने वाले एक के बाद एक तेल टैंकर को अमेरिकी नौसेना द्वारा अपनी गिरफ्त में लेना भी चीन, रूस, यूरोपीय देशों को बड़ा संदेश देने जैसा है। वह डेनमार्क को लेकर बयान दे रहे हैं। 'ग्रीन लैंड' पर अमेरिका का सपना देखना किसी को पच नहीं रहा है। इस तरह के संकेत अस्थिरता पैदा करने वाले और अच्छे नहीं है। राष्ट्रपति ट्रंप के हर कदम पर चीन और रूस की प्रतिक्रिया बड़े सधे अंदाज में हो रही है।

**बहुध्रुवीय विश्व क्या होगा?**

यूरोप अमेरिका की हां में हां मिलाता था। नाटो संगठन अमेरिका की अगुआई में अपना दबदबा बनाता था। राष्ट्रपति ट्रंप अभी इस परंपरागत रणनीति से किनारा कस रहे हैं।

### ईरान में प्रदर्शनों से जुड़ी हिंसा में अब तक 203 लोगों की मौत, स्थिति तनावपूर्ण जारी




**तेहरान।** ईरान में सत्ता व्यवस्था के खिलाफ जारी देशव्यापी प्रदर्शनों के बीच तनाव और बढ़ गया है। ईरान में लगभग दो सप्ताह से जारी राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शनों के दौरान हिंसा और दमन की कार्रवाई में अब तक कम से कम 203 लोगों की मौत हो चुकी है। इंटरनेट और फोन सेवाएं बंद होने से हालात की स्वतंत्र पुष्टि करना मुश्किल हो गया है।

कार्यकर्ताओं के मुताबिक, प्रदर्शनों से जुड़ी हिंसा में अब तक कम से कम 203 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि करीब 2,600 लोगों को हिरासत में लिया गया है।

## क्या अमेरिका ने वेनेजुएला में इस्तेमाल किया था रहस्यमयी हथियार

### सैनिक का दावा- खून की उल्टियां करने लगे थे




**वॉशिंगटन।** वेनेजुएला में अमेरिकी सैन्य कार्रवाई के दौरान एक अत्याधुनिक हथियार के इस्तेमाल का दावा सामने आया है। वेनेजुएला के सैनिक ने बताया कि इस हथियार के कारण वेनेजुएला के गार्ड्स चक्कर आने लगे और उल्टियां होने लगीं।

वेनेजुएला में अमेरिकी सैन्य कार्रवाई के दौरान एक अत्याधुनिक हथियार के इस्तेमाल को लेकर नया दावा सामने आया है। बताया जा रहा है कि मुट्ठीभर अमेरिकी सैनिकों ने इस हथियार के दम पर वेनेजुएला के सैनिकों को घुटनों पर ला दिया। इस हथियार को लेकर खुलासा वेनेजुएला का एक सैनिक ने किया है, जो अपदस्थ राष्ट्रपति निकोलस मादुरो की सुरक्षा में तैनात था।

न्यूयॉर्क पोस्ट के एक रिपोर्ट में वेनेजुएला के एक सैनिक के दावे से मादुरो की गिरफ्तारी के अभियान के दौरान हुए भीषण हमले के बारे में बड़ा खुलासा किया गया है। वेनेजुएला के सैनिक ने दावा किया कि अमेरिकी सैनिकों ने ऐसे हथियार का इस्तेमाल किया था, जिसकी वजह से वेनेजुएला के गार्ड्स को चक्कर आने लगे, खून की उल्टियां होने लगीं। व्हाइट हाउस के प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने इस रिपोर्ट को एक्स पर साझा किया है। हालांकि, अमेरिकी अधिकारियों ने इस हथियार के इस्तेमाल को लेकर अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की है।

**वेनेजुएला के सैनिक ने किया क्या दावा?**

इस रिपोर्ट के मुताबिक सैनिक ने दावा किया कि हमले से ठीक कुछ मिनट पहले वेनेजुएला की सेना के सिस्टम पूरी तरह से फेल हो गए थे। गार्ड ने बताया, 'बिना किसी साफ वजह के हमारे सभी रडार सिस्टम बंद हो गए। कुछ ही देर बाद ऊपर ड्रोन दिखाई दिए, जिसके बाद कुछ हेलीकॉप्टर आए जिनमें लगभग 20 अमेरिकी सैनिक थे।'

यह भी बताया गया कि अमेरिकी सैनिक तकनीकी रूप से बहुत उन्नत थे और उन्होंने बेहद सटीक ढंग से हमला किया। वेनेजुएला के गृह मंत्रालय ने अमेरिकी सैन्य कार्रवाई में करीब 100 सैनिकों के मारे जाने की बात स्वीकार की है। वहीं, व्हाइट हाउस ने इस अभियान के जानकारी देने पर चुप्पी साध रखी है। दावे के इतर यह साफ नहीं है कि इस सैन्य कार्रवाई के दौरान अमेरिका की ओर से कोई अत्याधुनिक हथियार इस्तेमाल किया गया था या नहीं।

## आईएस के ठिकानों पर अमेरिका ने फिर बरसाए बम कहा- हमारे सैनिकों पर हमला किया तो ढूंढ-ढूंढकर मारेंगे



**वॉशिंगटन।** सीरिया में खूंखार आतंकी संगठन आईएस फिर से अपने पैर जमाने की कोशिश कर रहा है। बीते दिनों आईएस के हमले में अमेरिका के दो सैनिक मारे गए थे। जिसके बाद अमेरिका ने सीरिया में हवाई हमले किए। अब शनिवार को फिर से अमेरिका ने बम बरसाए।

अमेरिका ने शनिवार को एक बार फिर से सीरिया में हवाई हमला किया। अमेरिका के निशाने पर आतंकी संगठन आईएस के ठिकाने रहे। पिछले महीने एक हमले में अमेरिका के दो सैनिक और एक एक सीरियाई नागरिक की मौत हो गई थी। जिसके बाद जवाबी कार्रवाई में अमेरिका ने आईएस के ठिकानों पर भारी बमबारी की थी।

**अमेरिका सेना की धमकी- दुनिया में कहीं भी बच नहीं पाएंगे**

अब शनिवार को एक बार फिर अमेरिका ने अपने सहयोगी देशों की सेनाओं के साथ मिलकर सीरिया में हवाई हमले किए।

अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने एक बयान जारी किया, जिसमें कहा गया कि अमेरिका ने सहयोगी बलों के साथ मिलकर बड़े पैमाने पर हमले किए, जो लगभग देर रात 12.30 बजे किए गए। इन हमलों में सीरिया भर में इस्लामिक स्टेट के कई ठिकानों को निशाना बनाया गया। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने शनिवार को एक बयान में कहा, 'हमारा संदेश साफ है, अगर आप हमारे सैनिकों को नुकसान पहुंचाते हैं, तो हम आपको दुनिया में कहीं से भी ढूंढ निकालेंगे और मार देंगे, चाहे आप न्याय से बचने की कितनी भी कोशिश कर लें।'

बीते हफ्ते भी ब्रिटेन-फ्रांस ने संयुक्त कार्रवाई कर आईएस के ठिकानों को बनाया था निशाना

गौरतलब है कि इससे पहले बीते महीने 19 दिसंबर को अमेरिका ने सीरिया पर बड़े पैमाने पर हवाई हमले किए थे, जिसमें आईएस के 70 ठिकानों को निशाना बनाया गया था। उसके बाद बीते हफ्ते ही ब्रिटेन और फ्रांस की सेनाओं ने भी सीरिया में हवाई हमले किए। इन हवाई हमलों का निशाना भी आईएस था। ये हमले सीरिया को होम्स प्रांत के ऐतिहासिक पल्मायरा इलाके में हुई थी।

सीरिया पिछले साल के अंत में आईएस विरोधी गठबंधन में शामिल हुआ था। साल 2019 में सीरिया में हार के बावजूद, आईएस की अभी भी सीरिया में मौजूदगी है और इसके स्लीपर सेल अभी भी सीरिया और इराक में घातक हमले करते हैं। संयुक्त राष्ट्र के विशेषज्ञों का कहना है कि अभी भी सीरिया और इराक में आईएस के करीब 5,000 से 7,000 सदस्य सक्रिय हैं।

## 'सड़कों पर डटे रहें, ट्रंप ने आपकी बहादुरी देखी' ईरानी प्रदर्शनकारियों को रेजा पहलवी का संदेश

**ईरान में जारी खामेनेई सरकार विरोधी प्रदर्शनों के बीच निर्वासित युवराज रेजा पहलवी ने नया संदेश जारी किया है। पहलवी ने आंदोलन कर रहे लोगों से सड़कों पर डटे रहने की अपील की है।**




**नई दिल्ली।** ईरान में जारी खामेनेई सरकार विरोधी प्रदर्शनों के बीच निर्वासित युवराज रेजा पहलवी ने नया संदेश जारी किया है। पहलवी ने आंदोलन कर रहे लोगों से सड़कों से नहीं हटने की अपील की। निर्वासित युवराज का यह संदेश रविवार को देशभर में चल रहे व्यापक प्रदर्शनों और प्रदर्शनकारियों पर हो रही कार्रवाई के बीच जारी किया गया है। ईरान के अंतिम शाह के पुत्र पहलवी ने देशभर जारी विरोध प्रदर्शनों के लिए अपनी अपील दोहराई और आंदोलनकारियों से सड़कों पर हटे रहने का आग्रह किया।

**रेजा पहलवी ने डोनाल्ड ट्रंप की जमकर प्रशंसा की**

रेजा पहलवी ने ईरानियों को यह आश्वासन भी दिया कि उनकी आवाज को दुनिया भर में उनके देशवासियों की ओर से बुलंद किया जा रहा है। निर्वासित ईरानी नेता ने ईरान के लोगों को समर्थन देने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की भी जमकर प्रशंसा की। उन्होंने देशवासियों को संबोधित करते हुए अपने संदेश में कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप ने आपकी अतुलनीय बहादुरी को करीब से देखा है और आपकी सहायता के लिए तत्परता जताई है।

**'सड़कों पर डटे रहें, मेरा दिल आपके साथ है':** पहलवी ने अपने एक्स हैंडल पर पोस्ट किए गए ईरानियों के लिए अपने नए वीडियो संदेश में कहा, 'आज पूरी दुनिया आपकी राष्ट्रीय क्रांति के साथ खड़ी है और आपके साहस की प्रशंसा करती है। विशेष रूप से, स्वतंत्र विश्व के नेता के रूप में राष्ट्रपति ट्रंप ने आपकी अतुलनीय बहादुरी को करीब से देखा है और आपकी सहायता के लिए तत्परता व्यक्त की है। सड़कों पर डटे रहें। मेरा दिल आपके साथ है। मुझे पता है कि मैं जल्द ही आपके साथ होऊंगा।'

**आंदोलनकारियों से की यह विशेष अपील:** उन्होंने आगे कहा, 'जान लें कि उन्हें अपने कार्यों के परिणाम भुगतने होंगे। आज, रविवार (21 देय) शाम 6:00 बजे के लिए अपने दूसरे आह्वान को दोहराते हुए मैं आप सभी से अपने मित्रों और परिवार के सदस्यों के साथ समूहों में शहरों की मुख्य सड़कों पर जाने का आग्रह करता हूं। रास्ते में, एक-दूसरे से या लोगों की भीड़ से अलग न हों; और ऐसी गलियों में न जाएं जो आपके जीवन को खतरे में डाल सकती हैं। विश्वभर में आपके देशवासी गर्व से आपकी आवाज बुलंद कर रहे हैं, और आप निश्चित रूप से टेलीविजन स्क्रीन पर उनकी व्यापक उपस्थिति के चित्र देखेंगे।'

### अपने नए संदेश में क्या बोले रेजा पहलवी

अपने संदेश में रेजा पहलवी ने कहा, 'मेरे देशवासियों, लगातार तीसरी रात ईरान भर की सड़कों पर आपकी व्यापक और साहसी उपस्थिति ने खामेनेई के दमनकारी तंत्र और उनके शासन को बुरी तरह कमजोर कर दिया है। मुझे विश्वसनीय रिपोर्टें मिली हैं कि इस्लामी गणराज्य को सड़कों पर उतरे लाखों लोगों का सामना करने के लिए भाड़े के सैनिकों की भारी कमी का सामना करना पड़ रहा है, और अब तक कई सशस्त्र और सुरक्षा बलों ने अपने कार्यस्थल छोड़ दिए हैं या लोगों को दबाने के आदेशों का उल्लंघन किया है। खामेनेई के पास अब मुट्ठी भर हिंसक भाड़े के सैनिक बचे हैं, जो अपने अपराधी नेता की तरह ही गैर-ईरानी और ईरान-विरोधी हैं।'

**ईरान आंदोलन: ट्रंप को दी सैन्य विकल्पों की जानकारी**

न्यूयॉर्क टाइम्स की एक रिपोर्ट के अनुसार अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को हाल के दिनों में ईरान को निशाना बनाने वाले कई सैन्य विकल्पों के बारे में जानकारी दी गई है। रिपोर्ट के अनुसार ट्रंप को दिए गए विकल्पों में तेहरान में चुनिंदा ठिकानों पर लक्षित हमले शामिल हैं, जिनमें शासन के आंतरिक सुरक्षा तंत्र से जुड़े गैर-सैन्य बुनियादी ढांचे भी शामिल हैं। बताया जा रहा है कि ये ब्रीफिंग आकस्मिक योजना का हिस्सा है, क्योंकि प्रशासन ईरानी अधिकारियों द्वारा आगे की हिंसा को रोकने के लिए राजनयिक, आर्थिक और सैन्य उपायों का मूल्यांकन कर रहा है।

## क्या है ऑपरेशन हॉकआई स्ट्राइक जो सीरिया में ISIS पर कहर बन टूटा



**वाशिंगटन।** अमेरिका ने एक बार फिर सीरिया के अंदर आतंकी संगठन आईएसआईएस के ठिकानों को निशाना बनाया है। अमेरिका ने यह हवाई हमले पिछले महीने तीन अमेरिकी और एक-एक सीरियाई नागरिक की मौत के बाद किए हैं। अमेरिका का यह एक्शन ऑपरेशन हॉकआई स्ट्राइक का हिस्सा है।

तीन अमेरिकियों की मौत के बाद अमेरिका ने तगड़ा पलटवार करते हुए आईएसआईएस के ठिकानों पर हवाई हमले किए हैं। हवाई हमलों में सीरिया के अंदर इस्लामिक स्टेट के ठिकानों को निशाना बनाकर तबाह कर दिया। अमेरिका ने यह हमले 13 दिसंबर को अमेरिकी सैनिकों पर किए गए हमले के जवाब में किए, जो कि ऑपरेशन हॉकआई स्ट्राइक का हिस्सा है।

**ऑपरेशन हॉकआई स्ट्राइक के तहत एक्शन:** अमेरिकी केंद्रीय कमान (CENTCOM), जो कि इस क्षेत्र में अमेरिकी सैन्य बलों की देखरेख करती है। उसने एयर स्ट्राइक से जुड़ा एक वीडियो भी एक्स पर साझा किया है। और बताया कि ये हवाई हमले अमेरिकी समयानुसार दोपहर लगभग 12:30 बजे किए गए। यह हमले यूए सेंट्रल कमांड (CENTCOM) की सेनाओं ने सहयोगी सेनाओं के साथ मिलकर ISIS के कई ठिकानों पर बड़े पैमाने पर हमले किए।

**पूरे सीरिया के अंदर आईएसआईएस पर हवाई हमला**

सेंटकॉम ने एक्स पर जानकारी साझा करते हुए बताया कि कई हमलों में पूरे सीरिया के अंदर आईएसआईएस को निशाना बनाया गया। हालांकि पोस्ट में यह जानकारी नहीं दी गई कि ये हमले सीरिया में कहां हुए हैं। सेंटकॉम ने कहा ये हमले ऑपरेशन हॉकआई स्ट्राइक का हिस्सा हैं, जिसे 19 दिसंबर, 2025 को राष्ट्रपति ट्रंप के निर्देश पर शुरू किए गए थे।

**70 ठिकानों को बनाया था निशाना:** इससे पहले बीते महीने 19 दिसंबर को अमेरिका ने सीरिया पर बड़े पैमाने पर हवाई हमले किए थे, जिसमें आईएस के 70 ठिकानों को निशाना बनाया गया था।


### नाम परिवर्तन

मेरा सही नाम कुमारी सरिता (k m Sarita) पुत्री संतोष झा है मेरी ड्राइविंग लाइसेंस आधार कार्ड में सरिता कुमारी दर्ज हो गया है जो कि गलत है भविष्य में मुझे कुमारी सरिता के नाम से ही जाना जाए मेरा पता 381 नाईपुरा लोनी जनपद गाजियाबाद है।

### खोया-पाया

मैं कुमारी सरिता पुत्री संतोष झा 381 नाईपुरा लोनी, तहसील लोनी जनपद गाजियाबाद की रहने वाली हूं। मेरी दसवीं कक्षा यूपी बोर्ड की मार्कसीट वाकई में खो गई है। जिसका अनुक्रमांक नंबर 0540615 वर्ष 2014 है।




## अजनारा इंटीग्रिटी सोसायटी में विशेष मतदाता पुनरीक्षण कैंप का आयोजन

# बूथ 1150-1151 पर बड़ी संख्या में भरे गए फॉर्म-6

## सांसद अतुल गर्ग ने कार्यकर्ताओं का बढ़ाया उत्साह

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के पूर्व राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य संदीप त्यागी के नेतृत्व में अजनारा इंटीग्रिटी सोसायटी में विशेष मतदाता पुनरीक्षण अभियान के तहत वृहद कैंप आयोजित किया गया। इस दौरान बूथ संख्या 1150-1151 पर बड़ी संख्या में फॉर्म-6 भरकर नए मतदाता जोड़ने का अभियान चलाया गया। कैंप में अतुल गर्ग एवं पूर्व महापौर आशु वर्मा ने पहुंचकर बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं से संवाद किया और उनका मनोबल बढ़ाया।



**कार्यकर्ताओं की सक्रिय भूमिका :** कैंप में भाजपा नंदग्राम मंडल के महामंत्री आशीष दुबे और संजीव कुमार ने आवेदकों के फॉर्म-6 पूरी निष्ठा के साथ भरवाए। सोसायटी के नागरिकों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की।

**उपस्थिति :** इस अवसर पर राहुल गर्ग (पूर्व अध्यक्ष एओए), सुजीत झा, हरिकेश राय (पूर्व अध्यक्ष एओए), नीरज त्यागी (पूर्व अध्यक्ष एओए), के के यादव (पूर्व सचिव एओए), नितिन त्यागी (पूर्व अध्यक्ष एओए), नीरज त्यागी (पूर्व अध्यक्ष मंदिर समिति), संतोष पांडेय, सदानंद पांडेय, मिकीन त्यागी (पूर्व उपाध्यक्ष एओए), अनुज चौधरी (सचिव एओए), अजय सिन्हा, आर डी सिंह, राजीव शर्मा, आर के शर्मा, शशांक राय, दुष्यंत शर्मा (अध्यक्ष मंदिर समिति), शिवकिशोर गौड़ (उपाध्यक्ष मंदिर समिति) सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

### वोट बनवाना राष्ट्रहित का कार्य : अतुल गर्ग



**करंट क्राइम।** सांसद अतुल गर्ग ने सोसायटी निवासियों से अपील की कि अधिक से अधिक नागरिकों की वोट बनवाने के लिए सोशल मीडिया और जनसंपर्क के माध्यम से व्यापक प्रचार किया जाए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रहित में प्रत्येक नागरिक का मतदाता होना आवश्यक है, इसके लिए समाजसेवी संगठन और सोसायटी का बुद्धिजीवी वर्ग भी सक्रिय भूमिका निभाए।

## विश्व पुस्तक मेला में के.सी. त्यागी की पुस्तक 'संकट की खेती' का लोकार्पण






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी ने बताया कि रविवार को विश्व पुस्तक मेला में वरिष्ठ नेता के.सी. त्यागी द्वारा लिखित पुस्तक 'संकट की खेती' के लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल होने का अवसर मिला। कार्यक्रम में लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी ने पुस्तक का विमोचन किया, जबकि हरियाणा के वरिष्ठ नेता एवं चौधरी देवीलाल के सुपुत्र रंजीत सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। पुस्तक स्वामी सहजानंद सरस्वती और चौधरी चरण सिंह को समर्पित है।

कार्यक्रम को जयंत चौधरी, के.सी. त्यागी और रंजीत सिंह ने संबोधित किया तथा मंच संचालन रमाशंकर सिंह ने किया। आयोजन में गाजियाबाद से बड़ी संख्या में लोगों की सहभागिता रही और इस अवसर पर पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के बाद पुस्तक मेले का भ्रमण कर कई पुस्तकें खरीदी गईं और मेट्रो व नमो भारत रैपिड रेल से गाजियाबाद वापसी की गई, जिसमें आनंद विहार से गाजियाबाद तक रैपिड रेल की यात्रा का अनुभव सुखद रहा।




**क्यों कहा कहने वाले ने कि** नदियापार के किस मौहल्ले में हो गया सर्द मौसम में हल्ला? किस नेता पर बोल दिया एक पार्षद ने हमला? सुना है दोनों ने नहीं की फिर आसपास के माहौल की केयर? जब बात बढ़ी ज्यादा तो मैम्बर साहब ने दे मारी उठाकर नेता जी पर चेयर? थोड़ी ही देर में बात हो गयी वहां से निकलकर इन द एयर? कहने वाले कह रहे हैं कि करनी चाहिए थी दोनों को ही एक दूसरे की केयर? जो कुछ हुआ वो पॉलिटिकली नहीं कहा जा सकता किसी भी तरीके से फेयर?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** जब हुई भिडंत बिटविन द भाजपाई एन्ड भाजपाई? तब इस सीन का गवाह बना लिट्टी चोखा बनाने वाला हलवाई? कहने वाले ने कहा कि बात ही ऐसी थी कि होनी ही थी तू-तड़ाक के बाद हाथापाई? जब नेता जी दे रहे थे लिट्टी चोखा के बारे में हलवाई को ज्ञान? तभी पार्षद जी आ गये और बोले हलवाई इसकी बात पर मत देना ध्यान? इसे नहीं है इस बारे में कुछ भी ज्ञान? सुना है इतना सुनते ही नेता जी को आ गया क्रोध? उन्होंने जब दिखाया अपना रोष ? तब पार्षद ने भी खो दिया होश और उठा ली कुर्सी और उछाल दी नेता जी की ओर कर दिया सबको खामोश ?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** शीतलहर के मौसम में फूल वालों की बस्ती में जल रहा है एक दूसरे के विरोध का अलाव? नदियापार के एक मंडल प्रधान ने कर दिया किस महामंत्री को सभी ग्रुपों से साफ? सुना है अब महामंत्री के मुखारविंद से भी निकल रही है मंडल अध्यक्ष को लेकर आग? कहने वाले ने कहा कि अब रिमूव हुए महामंत्री ने भी कर लिया है खुद को कार्यवाही के लिए मूव? सुना है अब वो लिखित में करेंगे कारण बताओ नोटिस जारी? वो पूछेंगे मंडल अध्यक्ष से तुमने किस वजह से किया है मुझे रिमूव? जल्द आयेगी ये स्टोरी बाहर सबके सामने, मिल रहे है इस बात के प्रूफ ?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** भगवा योद्धा इन दिनों खेल रहे हैं जबरदस्त वाली पारी? पहले उन्हें मुख्यमंत्री ने बिठाया था अपनी कार में? और करायी थी अपने साथ एयरपोर्ट तक सवारी? सुना है भगवा योद्धा की ये वाली यात्रा हुई है अब भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के साथ जारी? इस बार सफर हुआ है काफी लम्बा और हुई है काफी देर तक बात? सुना है भगवा योद्धा प्रदेश अध्यक्ष की कार में बैठकर गये हैं बरेली उनके साथ ? अब सुलझाने वाले सुलझा रहे हैं बरेली वाली यात्रा की पहेली? कहने वाले ने कहा कि अगर रहा है कार में इतना लम्बा साथ तो फिर कुछ तो होगी भगवा योद्धा में बात?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** खोड़ा की राजनीति में खुद को लाईव रखे हुए हैं पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष रीना भाटी? कहने वाले ने कहा कि खोड़ा की राजनीति में वो चला रही हैं जमकर एक्टिविटी की लाठी? वो खोड़ा नगरपालिका के दफ्तर पर देती हैं धरना? कभी वो नगरपालिका के दफ्तर में जाकर करती हैं कर्मचारियों से बात? वो भले ही हो गयीं हैं पूर्व , लेकिन उनकी राजनीतिक गतिविधियां खोड़ा नगरपालिका के दफ्तर में दिख रही हैं अभूतपूर्व?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** फार्म 6 को लेकर नीले वोट बैंक वाला हाथी क्या चल रहा है बहुत ही सुस्त चाल? बीएलओ से जब पूछा राजनीतिक दलों के कौन से नेता रख रहे हैं फार्म 6 का ख्याल? तब बीएलओ ने नाम छुपाने की शर्त पर बता दिया हर एक दल का हाल? सुना है नीले हाथी वालों ने किसी भी बस्ती में एक भी बीएलओ से नहीं पूछा है एसआईआर से लेकर फार्म 6 की किसी प्रगति का हाल? फार्म 6 को लेकर रेस में नम्बर 1 पर चल रहा है कमल का फूल? कहने वाले ने कहा कि आप इस लड़ाई में साईकिल को मत जाना भूल? हाथ और हाथी हो गये हैं सर्द मौसम में पूरी तरह से शांत? वो नहीं दिखे हैं इस अभियान में कहीं भी किसी बीएलओ के साथ?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** कमल वालों के युवा मोर्चा वाले प्रधान ने लगा दिया है इन दिनों मरघट वाले बाबा की ओर पूरा ध्यान? सुना है वो भगवा योद्धा को अपने साथ लेकर गये हैं पांच बार और करायें हैं दर्शन? कहने वाले ने कहा कि लगता है मरघट वालों की कृपा से दौड़ेगी यूथ वालों की सवारी एक दम सरपट? कहने वाले ने कहा कि यह सब चल रही है महामंत्री वाली लिस्ट में शामिल होने की तैयारी? क्या पता वो मरघट वाले बाबा को दिखाकर आये हों भगवा योद्धा का फेस? लगाई हो वहां अरदास और कहा हो इन्हीं के हाथ में हैं बाबा मेरा केस?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** महानगर की संगठन वाली कैबिनेट में भी चलेगा हैवी वेट कृपा का मैजिक? कहने वाले ने कहा कि अगर हैवी वेट वाले कर सकते हैं मंडल वाली परीक्षा में दस में से दस अंक लेकर टॉप? तो फिर मानकर चलो कि संगठन वाली परीक्षा में भी वो नहीं रहने वाले हैं कहीं से कहीं तक फ्लॉप ? कहने वाले ने कहा कि खोड़ा वाले भाटी जी पर हो सकती है उनकी कृपा? सुना है पहलवान के स्थान पर हो सकते हैं खोड़ा वाले भाटी जी रिप्लेस? फिलहाल इस रेस में उनके अलावा दिख नहीं रहा है कोई दूसरा फेस?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** जब आयेगी महानगर वाली लिस्ट तो हो जायेगा कई नामों के साथ खेला वाला ट्विस्ट? कहने वाले ने कहा कि इसमें नहीं दिख रहा है अब कोई डाउट? ठाकुद लेडी से लेकर रेसलर का नाम हो जायेगा टीम से आउट? कहने वाले ने कहा कि प्रकोष्ठ और मोर्चा में भी आयेगा एक बड़ा बदलाव? सुना है यहां भी कमान्डरी मौहब्बत का करेंगे कई चेहरे भुगतान? सियासत में किसी एक का होने पर इतना तो उठाना ही पड़ता है नुकसान? कहने वाले ने कहा कि कमान्डर भी इस गेम के हैं बड़े खिलाड़ी? वो करायेंगे अपनी टीम के चहरों को कहीं और समायोजित और रहने नहीं देंगे इस तरह से उन्हें कहीं और आश्रित?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** फार्मर फ्रंट के मंडल वाले फार्मरों पर गिर सकती है परिवर्तन की गाज? अगर भगवा भारद्वाज हो गये महानगर वाली लिस्ट में महामंत्री वाले फ्रेम में एडजस्ट? तब नये अध्यक्ष की घोषणा के बाद पूरा सिस्टम ही जायेगा एक दम से पलट? कहने वाले ने कहा कि भगवा भारद्वाज की टीम के चेहरों को अभी से बिठाना शुरू कर देना चाहिए कैलकुलेशन? ताकि जब लिस्ट जारी हो तो फिर खुद के पॉलिटिकल समायोजन की ना लेनी पड़े टेंशन?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

### नगर निगम की लापरवाही

## कौशांबी में हफ्तों से आ रहा गंदा और बदबूदार पानी : कुसुम मनोज गोयल





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** स्वच्छता के दावों और 'स्मार्ट सिटी' की रेस में दौड़ रहे गाजियाबाद नगर निगम की पोल कौशांबी के एंजेल मॉल (ए-ब्लॉक) के सामने खुलती नजर आ रही है। पिछले 4 जनवरी से यहां के निवासी नरकीय जीवन जीने को मजबूर हैं, क्योंकि उनके नलों से साफ पानी की जगह 'गंदा और बदबूदार' पानी आ रहा है।

क्षेत्रीय पार्षद कुसुम मनोज गोयल ने इस गंभीर समस्या को लेकर नगर आयुक्त को लिखित पत्र भी भेजा है, लेकिन हैरानी की बात यह है कि शासन-प्रशासन के कान पर जूं तक नहीं रेंगी है। पार्षद की चेतावनी और निवासियों की शिकायतों के बावजूद अभी तक धरातल पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

**बड़े सवाल : दावों और हकीकत में अंतर :** स्थानीय निवासियों का कहना है कि एक तरफ गाजियाबाद नगर निगम शहर को इंदौर की तर्ज पर स्वच्छ और नंबर-1 बनाने का सपना दिखा रहा है, वहीं दूसरी तरफ पॉश इलाके कौशांबी में लोग पीने के पानी के लिए तरस रहे हैं। जब पार्षद के पत्र पर एक्शन नहीं हो रहा, तो आम जनता की सुनवाई कौन करेगा? जलजनित बीमारियों का खतरा बढ़ा, इसका जिम्मेदार कौन होगा?

**निवासियों की चेतावनी :** यदि जल्द ही जलापूर्ति में सुधार नहीं हुआ और पाइपलाइन की लीकेज या सीवर मिक्सिंग की समस्या को ठीक नहीं किया गया, तो क्षेत्र के लोग नगर निगम मुख्यालय के घेराव की तैयारी कर रहे हैं।

## खोड़ा में बिहार-पूर्वांचल समाज का सम्मेलन आयोजित

## कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने 'वोट' की ताकत पर दिया जोर






**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** खोड़ा में बिहार में मिली राजनीतिक जीत और हालिया उपलब्धियों के उपलक्ष्य में खोड़ा मकनपुर में बिहार पूर्वांचल समिति द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस समारोह में भारी संख्या में पूर्वांचली समाज के लोगों ने हिस्सा लेकर अपनी एकजुटता का प्रदर्शन किया।

भाजपा नेताओं की रही मौजूदगीः कार्यक्रम का नेतृत्व बिहार समाज के प्रमुख मंडल अध्यक्ष जीतू राय, सिम्पी सिंह और चंदन झा ने किया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा और भाजपा नेता योगेश भाटी मौजूद रहे। विशिष्ट अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की।

कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने बिहार-पूर्वांचल समाज के योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास में इस समाज की अहम भूमिका है। उन्होंने उपस्थित जनसमूह से अपील की कि वे लोकतांत्रिक प्रक्रिया में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और वोट बनवाने एवं मतदान करने पर विशेष जोर दें।

**क्षेत्रीय नेतृत्व और भारी जनसमर्थन :** इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष मुकेश गिरी, देवेंद्र गिरी और हरेंद्र सहित कई वरिष्ठ नेताओं ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम में खोड़ा मकनपुर के मंडल अध्यक्ष पंकज बाल्मीकि, परवीन सिंह और अमित सिंह ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस अवसार पर विनोद तिवारी, बीपी दुबे, डॉ. ए.के. झा, हरीश पाठक, लक्ष्मीकांत मिश्र, विकास मिश्र, एडवोकेट हरीश, पप्पू महतो। दीपक , सुभाष जी, संतोष झा, आशुतोष झा, विकास, बेबी गिरी, संजय झा आदि लोग मौजूद रहे।

योगेश भाटी ने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया के दौरान कई पुराने मतदाताओं के नाम सूची से हट गए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह एक तकनीकी प्रक्रिया है।

**नए मतदाताओं के लिए अपील :** उन्होंने कहा कि जिन पात्र नागरिकों के नाम सूची में नहीं हैं, उन्हें घबराने की जरूरत नहीं है। उन्होंने मतदाताओं से अपील की कि वे फॉर्म-6 भरकर अपना नाम नए पते पर सुनिश्चित करें।

प्रशासन का बचावः उन्होंने भरोसा दिलाया कि प्रशासन का मुख्य लक्ष्य एक पारदर्शी और त्रुटिमुक्त मतदाता सूची तैयार करना है। उन्होंने जोर देकर कहा कि निर्वाचन आयोग हर पात्र नागरिक को मतदान का अधिकार देने के लिए प्रतिबद्ध है और 6 मार्च तक अंतिम मतदाता सूची जारी कर दी जाएगी।

## लखनऊ विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

## वरिष्ठ अधिवक्ता आशीष चौबे सम्मानित

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** प्रवासी भारतीय दिवस एवं विश्व हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में लखनऊ विश्वविद्यालय के मालवीय सभागार में एक भव्य अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी संपन्न हुई। गिरमिटिया ग्लोबल काउंसिल, भारत सेवा ट्रस्ट एवं लखनऊ विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस संगोष्ठी का मुख्य विषय 'हिंदी का प्रवासी, प्रवासी का हिंदी' रहा। कार्यक्रम में दुनिया भर से आए विद्वानों और साहित्यकारों ने हिंदी की वैश्विक भूमिका पर मंथन किया।




**विधिक एवं पर्यावरण क्षेत्र के लिए मिला सम्मान :** संगोष्ठी के दौरान एक विशेष सत्र में भारत सरकार के गृह मंत्रालय (राजभाषा विभाग) की उपनिदेशक भावना सक्सेना ने सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता आशीष चौबे को सम्मानित किया। चौबे को यह सम्मान विधि एवं पर्यावरण के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय और निरंतर योगदान के लिए प्रदान किया गया। मंच से उनके द्वारा सामाजिक न्याय की स्थापना, विधिक जागरूकता के प्रसार और पर्यावरण संरक्षण के प्रति निभाई गई प्रतिबद्धता की सराहना की गई।

विभिन्न देशों से आए वक्ताओं ने अपने संबोधन में इस बात पर जोर दिया कि प्रवासी भारतीयों ने विदेशी धरती पर न केवल हिंदी को जीवित रखा है, बल्कि उसे विश्व स्तर पर एक सशक्त पहचान भी दिलाई है। वक्ताओं के अनुसारः हिंदी अब केवल भारत की भाषा नहीं, बल्कि वैश्विक भावनात्मक जुड़ाव का सूत्र है। गिरमिटिया देशों से लेकर विकसित राष्ट्रों तक, हिंदी सांस्कृतिक संवाद का माध्यम बन चुकी है।

### सम्मान व्यक्तिगत नहीं, सामाजिक उत्तरदायित्वः आशीष चौबे

**करंट क्राइम।** सम्मान स्वीकार करते हुए अधिवक्ता आशीष चौबे ने कहा कि समाज, विधि और पर्यावरण की सेवा करना उनका नैतिक कर्तव्य है। उन्होंने अपने संबोधन में भावुक होते हुए कहा, यह सम्मान केवल मेरी व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं है, बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्वों को और अधिक निष्ठा, संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता के साथ निभाने का संकल्प है। इस गरिमामयी अवसर पर लखनऊ विश्वविद्यालय के वरिष्ठ पदाधिकारी, शिक्षाविद और विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## इंदिरापुरम में गूंजे गोलू देवता के जयकारे

## धूमधाम से मनाया गया वार्षिकोत्सव

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम अभय खंड स्थित बिनसर मंदिर में रविवार को उत्तराखंड के न्याय के देवता 'गोलू देवता' की मूर्ति स्थापना का तृतीय वार्षिकोत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर इंदिरापुरम और आसपास के क्षेत्रों में रह रहे उत्तराखंडी प्रवासियों का हुजूम उमड़ पड़ा। दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं ने अपने इष्ट देव के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।





**कलश यात्रा और नगर भ्रमण :** उत्सव की शुरुआत विधि-विधान से पूजा-अर्चना के साथ हुई। इसके पश्चात पारंपरिक परिधानों में सजी उत्तराखंडी महिलाओं ने भव्य कलश यात्रा निकाली। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण गोलू देवता की रथ यात्रा रही, जिसमें गोलू देवता के अवतार के रूप में श्रीहर सिंह मेहता रथ पर विराजमान होकर नगर भ्रमण पर निकले। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था और जगह-जगह पुष्प वर्षा कर रथ यात्रा का स्वागत किया गया।

**सांस्कृतिक रंग और अटूट आस्था :** धार्मिक अनुष्ठानों के बाद उत्तराखंडी लोक भजनों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। पहाड़ी गीतों और भजनों पर भक्त झूमते नजर आए। मंदिर परिसर 'जय गोलू देवा' के जयकारों से गुंजायमान रहा।

**सैकड़ों लोगों के लिए विशाल भंडारा :** इस वार्षिकोत्सव की सबसे बड़ी विशेषता यहाँ आयोजित विशाल भंडारा रहा। अलग-अलग स्थानों पर टेबल लगाकर सेवादारों ने देर शाम तक प्रसाद वितरित किया। इस आयोजन में केवल उत्तराखंडी समाज ही नहीं, बल्कि स्थानीय निवासियों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

**उपस्थिति :** पार्षद हरीश कड़ाकोटी, अमर सिंह बंगारी, मोहन सिंह नेगी, शिवराज रावत, सोबन सिंह, बालम रावत, चंदन गुसाईं, भगत बिष्ट सहित समिति के समस्त सेवादारों का विशेष योगदान रहा।

## वार्ड 21 में विशेष कैंप लगाकर भरवाए गए 'फॉर्म-6', दर्जनों नए वोटर जुड़े



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** मतदाता पुनरीक्षण अभियान बिंदुराम गौतम ने कैंप के जरिए युवाओं और वंचितों के बनवाए नए वोट। लोकतंत्र को मजबूत करने और शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से भाजपा नेता बिंदुराम गौतम ने एक विशेष पहल की है। उनके नेतृत्व में आज क्षेत्र में 'नया मतदाता पंजीकरण कैंप' का आयोजन किया गया।

इस कैंप के दौरान बिंदुराम गौतम ने खुद मौजूद रहकर लोगों को मतदान के महत्व के बारे में जागरूक किया। शिविर में मुख्य रूप से फॉर्म-6 भरवाए गए, ताकि जिन युवाओं की उम्र 18 वर्ष हो चुकी है या जिनका नाम अब तक मतदाता सूची में शामिल नहीं है, उनके नए वोट बनवाए जा सकें।

**बिंदुराम गौतम ने कहाः** हर पात्र व्यक्ति का नाम वोटर लिस्ट में होना अनिवार्य है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन को आगे बढ़ाते हुए हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि कोई भी नागरिक अपने मताधिकार से वंचित न रहे। कैंप में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और युवा पहुंचे, जिन्होंने अपनी पहचान और पते के दस्तावेज जमा कर पंजीकरण प्रक्रिया पूरी की। इस अवसर पर भाजपा के अन्य कार्यकर्ता भी मौजूद रहे और लोगों की सहायता की।

## पार्षद प्रतिमा शर्मा ने लगवाया स्वास्थ्य शिविर, 37 यूनिट रक्त एकत्रित, 300 लोगों ने कराई स्वास्थ्य जांच

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वसुंधरा सेक्टर-16 स्थित सेंट्रल मार्केट स्थित पार्षद कार्यकाल में रविवार को रक्तदान शिविर और निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। वार्ड नंबर-36 की पार्षद प्रतिमा राजीव शर्मा के नेतृत्व में आयोजित इस शिविर में स्थानीय निवासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। 'रक्तदान महादान' के संकल्प के साथ शुरू हुए इस अभियान में कुल 37 लोगों ने रक्तदान किया, जबकि लगभग 300 लोगों ने अपनी सेहत की जांच कराई। पार्षद प्रतिमा राजीव शर्मा ने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है। हमारे द्वारा दिया गया रक्त तीन व्यक्तियों का जीवन बचा सकता है।







**निःशुल्क जांच का सैकड़ों ने उठाया लाभ :** आकाश एसोसिएट्स एंड प्रॉपर्टीज के सहयोग से आयोजित इस कैंप में स्वास्थ्य सेवाओं की विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध थी। डॉ. फैजल करीम ने कहा, शिविर ने बीपी डायबिटीज और लाइफस्टाइल से जुड़ी बीमारियों के मरीजों का बढ़ना यह संकेत देता है कि हमारी जीवनशैली में सुधार की सख्त जरूरत है। इस अवसर पर राजीव शर्मा पार्षद प्रतिनिधि, महेश चंद शर्मा, पवन शर्मा, जावेद, विवेक चौधरी, गिरीश चंद शर्मा, विनय मिश्रा, जेपी शर्मा, राजेश्वर, प्रियंजल द्विवेदी, पवन शर्मा, निशांत त्यागी, सुशील चतुर्वेदी, योगेंद्र शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।